सूर्योदय 6:03 सूर्यास्त 6:24
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 32.1
न्यूनतम 22.8

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-19520/19-21 | मूल्य 1/-

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | संस्थापक : उत्तम चन्द्र शर्मा (M. 9837042840) | सम्पर्क सूत्र: (कार्यालय) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-255 | बुधवार 15 सितम्बर, 2021 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-नवमी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

मौन रहना किसी इन्सान की कमजोरी नहीं बल्कि उसका बड़प्पन होता है, क्योंकि जिसको सहना आता है, उसको कहना भी आता है।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है

बीसवीं सदी की ग़लतियों को सुधार रहा है इक्कीसवीं सदी का भारत : मोदी

लम्हों ने ख़ता की थी सदियों ने सज़ा पाई....

इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में विस्फोट से दहले दिल

मुजफ्फरनगर, १४ सितंबर (बु.)। शामली के झिंझाना थाना क्षेत्र के कस्बा चौसाना में देर शाम दिलों की धड़कन बढ़ाने वाली घटना घटित हुई। इलेक्ट्रोनिक की एक दुकान में कुछ संदिग्ध लोग बल्ब खरीदने के नाम पर आए और एक थैला छोड़कर यह कहकर गए कि कुछ समय बाद हम सब्जी लेकर वापस लौट रहे हैं। इस पर दुकानदार ने उक्त लोगों को थैला रखने के लिए कह दिया, मगर थैला रखने के पांच मिनट बाद ही स्वयं दुकानदार के होश उड़ गए, जब थैले में एकाएक विस्फोट हुआ और धुएं का गुबार पूरे बाजार में छा गया।

हालांकि विस्फोट में किसी प्रकार की कोई जान–माल के नुकसान की सूचना नहीं है, मगर उक्त घटना ने बहुत सारे सवाल खड़े कर दिये। पहला सवाल तो विस्फोटक रखने वाले शायद अपनी ताकत का एहसास कराने ही आए थे कि वे जब जो चाहें, वो कर सकते हैं। वो चाहते तो कोई ऐसा विस्फोट भी कर सकते थे, जिससे जान और माल दोनों का नुकसान हो। दूसरा सवाल कि उनके जाने के ५ मिनट बाद विस्फोट होने का मतलब ही यही है कि वास्तव में विस्फोटक जान–बूझकर रखा गया है। जैसे ही उक्त घटना पुलिस को पता चली तो फोरेंसिक टीम और आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और बाकायदा विस्फोट के अवशेषों को अपने कब्जे में ले लिया। अधिकारियों का भी मानना है कि मामले में कुछ न कुछ सामने जरूर आएगा। अधिकारियों ने बताया कि उक्त विस्फोटक थैले के अंदर डिब्बे में रखा गया है और कुछ पत्थर व कीलनुमा

शेष : पृष्ठ ४ पर

जानसठ रोड स्थित वशिष्ठ हॉस्पिटल मं गर्भपात के आरोप के बाद पहुंची पुलिस, हॉस्पिटल में एडमिट महिला व हॉस्पिटल के बाथरूम में मिला भ्रूण।

एमडीए विभाग ने करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य किए सील

❑बिना मानचित्र किये जा रहे अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई, मचा हड़कंप

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। जनपद में पटरी से उतरी व्यवस्था को सुधारने की जारी कवायदों के बीच मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को फिर से बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना मानचित्र स्वीकृत किए हो रहे निर्माण कार्यो को प्रशासन की सख्ती का अहसास कराया है। एमडीए द्वारा की गई कार्रवाई से एक बार फिर अवैध निर्माण कार्यो में लिप्त भवन एवं अन्य निर्माण कार्यो में लगे लोगों में हड़कंप मचा है। एमडीए के अधिकारियों द्वारा की कार्रवाई में कई निर्माण कार्यो को अवैध घोषित करते हुए सील कर दिया गया है। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण समय-समय पर अवैध निर्माण कार्यो में लिप्त लोगों पर कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन के सक्रिय होने का अहसास कराने में जुटा है। ऐसे हालातों में एमडीए की टीम द्वारा कई नामचीन लोगों के निर्माण को अवैध बताते हुए पूर्व में कार्रवाई कर चुका है। व्यवस्था में सुधार की कवायदों के बीच मंगलवार को एमडीए की टीम ने एमडीए सचिव महेन्द्र प्रसाद के निर्देश पर मुजफ्फरनगर के मौहल्ला नई मण्डी में सुभाष जैन द्वारा बिना मानचित्र को स्वीकृत कराये किए जा रहे दो अवैध निर्माण को सील कर दिया, वहीं उक्त टीम द्वारा सदर तहसील के गांव मुस्तफाबाद में अबरार, इसरार व इमरान आदि के अलावा आशीष कुच्छल व हकलाक पुत्र सुलेमान के विरुद्ध बाईपास मुजफ्फरनगर पर दो दुकानों का निर्माण किए जाने पर निर्माण कार्य को सील किए जाने की बड़ी कार्रवाई की। एमडीए की टीम ने मंगलवार को नगर के भोपा रोड पर अलीम सिद्दीकी पुत्र मौ. सलीम द्वारा किये गये अवैध दुकानों के निर्माण कार्यो को अवैध बताते हुए कार्रवाई की। एमडीए की इस कार्रवाई के दौरान एमडीए में सक्षम अधिकारी हरिशंकर गौतम, अवर अभियन्ता योगेश शर्मा, अवनीश गर्ग, राजीव कोहली, जयकरन सिंह व प्राधिकरण स्टाफ के साथ थाना नई मंडी पुलिस बल की उपस्थिति में तमाम हो रहे अवैध निर्माण कार्यो को सील किया। एमडीए द्वारा की गई उक्त बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा।

बच्चा गोद लेने के बाद 2 साल तक देश में रहने की बाध्यता समाप्त

नयी दिल्ली, 14 सितंबर (वार्ता) सरकार ने प्रवासी भारतीय और भारतीय मूल के व्यक्तियों के लिए भारत में बच्चा गोद लेने के बाद दो वर्ष तक यहां रहने की बाध्यता समाप्त कर दी है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि केंद्रीय दत्तक स्रोत प्राधिकरण (कारा) के इससे संबंधित प्रावधानों में बदलाव कर दिया गया है। कारा के प्रावधानों के अनुसार गोद लेने की प्रक्रिया में भारतीय, प्रवासी भारतीय और भारतीय मूल के निवासियों को एक समान माना जाएगा। इसके बाद बच्चा गोद लेने के बाद किसी भी प्रवासी भारतीय और भारतीय मूल के व्यक्ति को दो वर्ष तक देश में रहने की बाध्यता समाप्त हो जाएगी। सूत्रों ने बताया कि हालांकि बच्चों को गोद देने के बाद उनकी दो वर्ष तक निगरानी की व्यवस्था जारी रहेगी। भारत से बाहर जाने वाले प्रवासी भारतीयों और भारतीय मूल के व्यक्तियों की निगरानी भारतीय दूतावासों और उच्चायुक्तों के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने बताया कि हिन्दू विवाह अधिनियम में शामिल होने वाले हिन्दू, सिख, बौद्ध एवं जैन समुदाय के लोगों को गोद लिये गये बच्चों को विदेश ले जाने के लिए अदालत से अनुमति लेने की जरुरत नहीं होगी।

दिन-दहाड़े महावीर चौक पर चैकिंग के दौरान बेखौफ बदमाशों ने लूट ली लाखों की नकदी

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। शहर क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। आज दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने अपनी बेटी के घर जा रही वृद्ध से लाखों की नकदी भरा बैग लूट लिया। पीड़ित शोर मचाता रहा और बदमाश लूट की वारदात को अंजाम देते हुए मौके से फरार हो गए। गौरतलब है कि महावीर चौक पर हर समय पुलिस बल तैनात रहता है और चैकिंग चलती है, उसके बावजूद बदमाशों द्वारा लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़ित ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि गाजियाबाद जनपद के मोदीनगर निवासी जयपाल सिंह पुत्र रामसिंह की पुत्री ससुराल शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रामपुरी में है। आज जयपाल सिंह एक बैग में एक लाख रुपये लेकर बस में सवार होकर अपनी पुत्री के घर आया था। वह रामपुरी जाने के लिए महावीर चौक से बस में उतरा और ई रिक्शा में सवार हो गया, इसी दौरान बाइक पर आए दो बदमाश उसके हाथ से बैग छीनकर फरार हो गए। बैग में एक लाख की नकदी के अलावा पीड़ित की बैंक की पासबुक चेकबुक व अन्य दस्तावेज भी थे। पीड़ित ने काफी शोर मचाया, लेकिन बदमाश मौके से फरार होने में सफल हो गए। गौरतलब है कि महावीर चौक पर हर समय भारी तादाद में पुलिस बल तैनात रहता है, उसके बावजूद दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात ने पुलिस कार्यप्रणाली की पोल खोलकर रख दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने झपटमारी की धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

अल्ट्रासाउण्ड कराने आई महिला का गर्भपात, वशिष्ठ अस्पताल पर हंगामा

❑पीड़ित परिजनों ने महिला चिकित्सक को आरोपित करते हुए दी तहरीर, लापरवाही से हुआ गर्भपात ❑सिटी मजिस्ट्रेट ने पुलिस की रिपोर्ट पर सीएमओ को जांच कराने को लिखा

मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)। जानसठ रोड पर अलमासपुर चौराहे पर स्थित वशिष्ठ अस्पताल में दर्द की शिकायत पर अल्ट्रासाउंड कराने आई महिला का 4 माह का गर्भपात होने से हड़कंप मच गया। परिजनों ने महिला चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। अस्पतालकर्मियों के अडियल रवैये के चलते पीड़ित परिवार से कई दौर में तीखी झड़पें हुई। पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शान्त किया। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर सिटी मजिस्ट्रेट ने सीएमओ से आरोप की जांच कराकर तथ्यों के आधार पर अग्रिम कारवाही को लिखा है।

भोपा इलाके के रहमतपुर गढ़वाड़ा निवासी पीड़ित महिला की शादी छपार में हुई थी। महिला इन दिनों अपने मायके में थी। चार माह की गर्भवती महिला दर्द की शिकायत पर अल्ट्रासाउंड कराने वशिष्ठ अस्पताल पर आई थी। पर्ची कटवाने के बाद महिला को एक कक्ष में अल्ट्रासाउंड के लिए ले जाया गया, जहां महिला को गर्भपात हो गया, जिससे महिला की वहीं हालत बिगड़ गई। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप था कि यह सब डॉक्टर की लापरवाही से हुआ है। अल्ट्रासाउंड करने के नाम पर उसका गलत ऑपरेशन कर दिया, जिससे गर्भपात हुआ है। इसके कारण महिला गंभीर स्थिति में है। महिला के परिजनों का कहना था कि हमें बच्चा भी नहीं दिखाया गया, उसे वहीं कहीं गायब कर दिया गया है। इसी बात को लेकर अस्पताल और पीड़ित परिजनों में गर्मागर्मी हो गई। सूचना मिलते ही नई मंडी पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस ने पीड़ित परिवार से बात कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। कई घन्टे चले हंगामे के बीच पीड़ित परिवार ने महिला चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नई मंडी पुलिस को लिखित शिकायत कर दी। इसके बाद पुलिस ने सिटी मजिस्ट्रेट को आरोप से जुड़ी रिपोर्ट भेज दी। इसी बीच पीड़ित परिवार के समर्थन में क्रांति दल के कार्यकर्ताओं के आने से एक बार फिर हंगामा हो गया। पीड़ित महिला के भाई और पुलिस के बीच तीखी झड़पें हो गई। पुलिस ने सख्ती दिखाई तो हंगामा कर रहे लोग शांत हुए। पुलिस ने बताया कि उनकी तहरीर के आधार पर उन्होंने अपनी रिपोर्ट भेज दी है। स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्रवाई होगी।

जांच के लिए सीएमओ को भेजी रिपोर्ट

मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)। सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही से महिला गर्भ मिसकैरिज हुआ है। तहरीर के आधार पर आई पुलिस की रिपोर्ट को सीएमओ को भेजकर जांच का अनुरोध किया गया है।

गार्ड की बदतमीजी से आक्रोशित थे लोग

मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)। ग्रामीणों में अस्पताल के गार्ड की बदतमीजी को लेकर आक्रोश था। दरअसल वशिष्ठ अस्पताल के प्रवेश द्वार पर प्राइवेट गार्ड की तैनाती है। परिजनों का आरोप था कि गार्ड ने उन्हें डॉक्टर से मिलने नहीं दिया। उल्टा उनसे बदतमीजी नकी गई। यही नहीं गार्ड द्वारा मीडियाकर्मियों से अभद्रता की गई। हंगामे पर गए टीवी रिपोर्टरों ने डॉक्टर का पक्ष जानने की कोशिश की, लेकिन अस्पताल की तरफ से कोई सामने नहीं आया है।

पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के लिए दिशा निर्देश देते कपिल देव अग्रवाल

मुजफ्फरनगर में 4 करोड़ की लागत से बनेगा पी.डब्ल्यू.डी. गेस्ट हाउस : कपिल देव अग्रवाल

मुजफ्फरनगर, १४ सितंबर (बु.)। मंत्री कपिल देव अग्रवाल की मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुजफ्फरनगर में नए पीडब्ल्यूड.गेस्ट हाउस के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। जनपद में वीआईपी आगंतुकों के ठहरने के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के निर्माण को लंबे समय से प्रयासरत सदर विधायक एवं स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद मुजफ्फरनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग किमी.–१२२ के समीप पुराने बाइपास की अनुपयोगी भूमि पर नए निरीक्षण भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। मंत्री कपिल देव ने अधिशासी अभियंता एस.पी. सिंह, ए.ई. एस.के. सैनी एवं पी.डब्ल्यू.डी. के अन्य अधिकारियों के साथ साइट का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने निर्माण कार्य की उच्च गुणवत्ता एवं आधुनिक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का धन्यवाद देते हुए कपिल देव ने बताया कि लगभग ४ करोड़ की लागत से ५,००० वर्ग मीटर में ८ कक्षों का एक भव्य गेस्ट हाउस बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश के चंहुमुखी विकास को कृत संकल्पित है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरेंद्र पाल, कपिल त्यागी, जिला पंचायत सदस्य तरुण पाल, सागर बाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

दिल्ली पुलिस ने किया छह आतंकवादियों को गिरफ्तार

नयी दिल्ली, 14 सितम्बर (वार्ता) दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल की टीम ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से छह आतंकवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनमें से दो ने पाकिस्तान में प्रशिक्षण लिया है। स्पेशल सेल विशेष पुलिस आयुक्त नीरज ठाकुर ने आज यहां संवाददाताओं को बताया कि गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों की पहचान अबू बकर, जान मोहम्मद अली शेख़, ओसामा, मूलचंद उर्फ़ लाला, जीशान कमर और मोहम्मद आमिर जावेद के रूप में हुई है। इनमें से ओसामा और जीशान की ट्रेनिंग पाकिस्तान में हुई है। ये लोग नवरात्र, रामलीला और अन्य उत्सवों में विभिन्न राज्यों में बम धमाका करने की फ़िराक़ में थे। आतंकवादियों के खिलाफ़ अभियान में बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। उन्होंने कहा कि ओसामा और जीशान यहाँ से मस्कट गये और वहाँ पाकिस्तान जाकर 15 दिनों की ट्रेनिंग ली है। इन दोनों का अंडरवर्ल्ड से सम्बंध था, जो दाऊद इब्राहीम के भाई अनीस इब्राहीम के द्वारा संचालित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि जब इन दोनों को मस्कट से पाकिस्तान ले ज़ाया जा रहा था, तब इसके साथ कुछ लोग बांग्ला बोलने वाले थे। श्री ठाकुर ने कहा कि इनमें से तीन लोगों को उत्तर प्रदेश से, दो को दिल्ली और एक को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों से जानकारी मिली थी कुछ आतंकवादी देश में बड़ी घटना को अंजाम देने की फ़िराक़ में है। इसके आधार पर पुलिस उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में एक टीम बनाई है और विभिन्न राज्यों में छापे मारकर इन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

शत्रु सम्पत्ति पर कब्जे के आरोप में छोटूराम कॉलेज के प्रबंधक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। शत्रु संपत्ति पर 22 दुकानें बनाकर कब्जा करने के आरोप में चौधरी छोटूराम डिग्री कॉलेज के प्रबंधक के विरुद्ध पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट सदर तहसील के लेखपाल के द्वारा दर्ज कराई गई है। सदर तहसील के लेखपाल संजीव शर्मा ने सिविल लाइन थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि चौधरी छोटू राम डिग्री कॉलेज के प्रबंधक शरद कुमार पुत्र सुरेंद्र सिंह ने कॉलेज के बाहर 22 दुकानें बनाकर शत्रु संपत्ति पर कब्जा किया है। पुलिस ने लोक संपत्ति अधिनियम व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

सहारनपुर सड़क हादसे में कार सवार दो की मृत्यु, चार घायल

सहारनपुर, 14 सितम्बर (वार्ता) उत्तर प्रदेश में सहारनपुर शहर के कुतुबशेर क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में कार सवार दो लोगों की मृत्यु हो गई जबकि अन्य चार घायल हो गये।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. एस चनप्पा ने आज यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंजाब के पटियाला के रहने वाले छह लोग कार पर सवार होकर हरिद्वार अपने किसी परिजन की अस्थियां विसर्जित करने गये थे। अस्थियां विसर्जित के बाद कार सवार हरिद्वार से वापस पंजाब लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि कुतुबशेर क्षेत्र में सबदलपुर के पास अचानक कार का टायर फट गया और बेकाबू होकर डंपर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि दो लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई और उनके कार में ही शव फंस गए जबकि उनके साथी चार लोग घायल हो गये। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन की हालत गंभीर बनी है। मृतकों की शिनाख्त पटियाला जिले के नाभा गांव निवासी सरदार गुरूवचन सिंह और सुदेश शर्मा निवासी दामोद पहल जिला लुधियाना के रूप में हुई। घायलों में विशाल शर्मा, सन्नी शर्मा, दलजिंदर पुत्रगण कृष्णलाल शर्मा शामिल हैं।

फोर्टिस हॉस्पिटल, दिल्ली के
हृदय रोग विशेषज्ञ से मुजफ्फरनगर में सलाह लें।
पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित
डॉ. टी. एस. क्लेर
चेयरमैन - फोर्टिस हार्ट एवं वस्कुलर इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम एवं फोर्टिस हॉस्पिटल, वसंत कुंज, नई दिल्ली
की टीम से
डॉ. रजनीश सरदाना
वरिष्ठ सलाहकार, कार्डिएक पेसिंग और इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी
तिथि: शुक्रवार, 17 सितंबर, 2021 | समय: सुबह 11:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
हृदय संबंधी निम्न समस्याओं के लिए विशेषज्ञ से संपर्क करें
• छाती में भारीपन • चलने के दौरान सांस फूलना • अनियमित धड़कन
• खून में कोलेस्ट्रॉल बढ़ना • बेहोशी होना • बाजू व छाती में दर्द होना
स्थान: वर्धमान अस्पताल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
अपॉइंटमेंट के लिए सम्पर्क करें
विकास - 9729928181 / अमित - 9311499673
Fortis

मंत्री कपिल देव बोले, जल्द गड्ढा मुक्त होगी जानसठ रोड की सड़क

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन में मुजफ्फरनगर जानसठ रोड पर सड़कों में 341 गड्ढों की खबर का संज्ञान लेकर राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने राजमार्ग के प्रबंध निदेशक एस के मिश्रा से बात कर जल्द से जल्द इन गड्ढों को भरने के लिए कहा है। मंत्री ने कहा कि सरकार की तरफ से इसके लिए पर्याप्त बजट की व्यवस्था है। ऐसे में जनता को जल्द से जल्द राहत दी जाए। बरसात के बाद से जिले में सड़कों का बुरा हाल है। अमूमन अधिकांश सड़कों में गड्ढों की वजह से यातायात प्रभावित है। सबसे बुरा हाल मुजफ्फरनगर- जानसठ रोड का है। यह रोड हरियाणा से उत्तराखंड को जोड़ता है। इस रोड पर गड्ढों की तादाद इतनी है कि हर कदम पर सफर करना किसी जोखिम से कम नहीं है। मुजफ्फरनगर बुलेटिन ने मंगलवार के अंक में खुलासा किया था कि इस रोड पर 22 किलोमीटर के सफर में 341 से अधिक गड्ढे हैं, जिनमें 43 गड्ढे जानलेवा हैं। रोजमर्रा इन गड्ढों में गिरकर वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। इसी खबर का संज्ञान लेकर राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पानीपत खटीमा राजमार्ग के परियोजना निदेशक एस के मिश्रा से बात कर आपत्ति जताई। मंत्री ने कहा कि सड़कों को गड्ढा मुक्त करना योगी सरकार की पहली प्राथमिकता है, इसके लिए समय-समय पर विशेष अभियान भी चलाए जाते हैं। हाल में ही मुख्यमंत्री ने 20 सितंबर से सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का विशेष अभियान चलाने के लिए निर्देश दिए हैं। इसलिए जानसठ रोड के गड्ढों को तत्काल भरकर आम जनमानस को राहत दी जाए। परियोजना निदेशक का तर्क था कि बारिश के चलते इन गड्ढों को भरने का काम नहीं हो पाया है। मंत्री ने अगले 4 दिनों में इन गड्ढों को भरने को कहा है। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुजफ्फरनगर बुलेटिन का बुलेटिन की खबर का संज्ञान लेकर उन्होंने परियोजना निदेशक से बात की, उन्होंने कहा कि जल्द ही इन गड्ढों को भर दिया जाएगा।

शहर की टूटी सड़कों के मरम्मत करने के दिए निर्देश

मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)। शासन ने शहरी इलाकों में पेयजल और सीवरेज लाइन बिछाने को तोड़ी गई सड़कों को अविलम्ब ठीक कराने के निर्देश दिये हैं। इसके लिए 31 अक्टूबर की डेडलाइन तय की गई है। सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह ने बताया कि नगर विकास मंत्रालय से इस सम्बंध में विस्तृत निर्देश आए हैं। कहा गया है कि शहरी इलाकों में पेयजल और सीवर लाइन बिछाने के लिए सड़क को तोड़ा गया है। ऐसी सड़कों की 31 अक्टूबर तक मरम्मत कराई जाये। निर्देश के अनुपालन में सम्बंधित विभाग को निर्धारित अवधि में सड़कों की मरम्मत कराने को कहा गया है। नगर पालिका और नगर निकाय से भी पेयजल बिछाने में टूटी सड़कों की रिपोर्ट मांगी गई है। बता दें कि शहरी इलाकों में पेयजल और सीवर लाइन बिछाने को काफी सड़कों को तोड़ा गया था, लेकिन उनका पुनर्निर्माण नहीं हो पाया है। इस कारण बरसात के बाद यह सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं, जिस कारण लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

नहीं शुरु हुआ एटूजेड प्लांट, डीएम ने जताई नाराजगी

❑जल निकासी का कोई प्रबंधन न होने से बन रही समस्या ❑लाखों के वाहन एवं मशीनें अनदेखी से हो गई बर्बाद

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। नगर पालिका की आय के स्रोत बढ़ाने के साथ क्षेत्र को ग्रीन व क्लीन सिटी बनाने की चेयरमैन की मंशा को पालिका के अधिकारी कर्मचारी ही पलीता लगाने में जुटे है। ऐसे हालातों में नगरीय क्षेत्र के कूड़ा निस्तारण और कूड़े से जैविक खाद बनाने के लिए किदवईनगर में बनाया एटूजेड प्लांट पालिका के लिए वास्तव में सफेद हाथी बना हुआ है। पूर्व में बंद रहे उक्त प्लांट को पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल के विशेष प्रयासों के बाद करीब 1 करोड़ रुपये खर्च कर फिर से चालू किया गया, लेकिन अब फिर प्लांट बन्द हो जाने से कूड़ा निस्तारण की समस्या विकराल होती जा रही है। इस मामले को लेकर अब डीएम चंद्रभूषण सिंह ने पालिका के ईओ और प्लांट मैनेजर को अपने कार्यालय में बुलाकर कड़ी फटकार लगाते हुए जल्द ही एटूजेड प्लांट शुरू कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

नगर पालिका परिषद के द्वारा नगर के मौहल्ला किदवईनगर में कूड़ा प्रबंधन के लिए पूर्व में एटूजेड सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट शुरू किया था। कुछ दिनों की राहत के बाद एटूजेड कंपनी कर्मियों के रुपए लेकर प्लांट को बन्द कर भाग गई, जिसके बाद उक्त प्लांट तत्कालीन डीएम के दखल के बाद में बन्द हो गया, जिसके बन्द हो जाने से नगर में फिर कूड़ा निस्तारण की समस्या बन गई। कोरोना काल के बाद पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने नगर क्षेत्र की तमाम समस्याओं को देखते हुए मौहल्ला किदवईनगर के इस प्लांट के फिर से अब संचालन के लिए निजी कंपनी रोल्ज इंडिया वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड गाजियाबाद से अनुबंध किया एवं करीब एक करोड़ रुपये खर्च करते हुए इसे शुरू कराया था। नगर में शुरू प्लांट के शुभारंभ अवसर पर राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया था, लेकिन पालिका के अधिकारियों की लापरवाही और कंपनी के द्वारा तय शर्तो के बीच बाद में रूचि नहीं लिए जाने पर उक्त प्लांट फिर से बन्द हो गया। नगरीय क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण का प्रमुख साधन बने एटूजेड प्लांट के बन्द होने के बाद फिर से नगरीय क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण की समस्या बढ़ गई है, जिससे अब डलावघरों से मुख्य सड़कों और गली-मौहल्लों में कूड़ा फिर से चारों ओर फैलने लगा है। ऐसे ही हालातों में मंगलवार को डीएम चंद्रभूषण सिंह ने मिल रही तमाम शिकायतों के बीच पालिका के ईओ हेमराज सिंह को कार्यालय में बुलाया और इस संबंध में अब तक की कार्रवाई की जानकारी मांगी। इस दौरान कलेक्ट्रेट में पालिका के नोडल अधिकारी व एडीएम प्रशासन अमित सिंह, प्लांट मैनेजर अंकित कुमार और नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार मौजूद रहे। डीएम ने कूड़ा प्लांट बन्द होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वहां पर जो भी कार्य होने हैं उन्हें तुरंत कराने के साथ प्लांट को चलाने की तैयारी की जाये। डीएम ने सख्त हिदायत दी कि यदि प्लांट जल्द चालू नहीं किया गया तो गंभीर कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान ईओ हेमराज सिंह ने डीएम को अवगत कराया कि बीते कई दिनों से बारिश के कारण प्लांट के मशीन एरिया में पानी भरा हुआ है, वहीं टीन शैड इसके साथ प्लांट के जर्जर होने के कारण ही टपक रहा है। बाउण्ड्री नहीं होने से भी परेशानी हो रही है। डीएम ने अधिकारियों को रात्रि से ही पानी निकालने की व्यवस्था के निर्देश दिये। वहीं एडीएम प्रशासन अमित सिंह ने बताया कि प्लांट के लिए 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत फाउंडेशन निर्माण, बाउण्ड्री वाल और टीन शेड बदलवाने का प्रस्ताव बनाया है। इस पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जायेगा। उन्होंने कहा कि डीएम के निर्देश पर प्लांट को जल्द ही शुरू कराया जायेगा।

एसडी पब्लिक जूनियर विंग में काव्य पाठ व कथा कथन प्रतियोगिता का आयोजन

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। एसडी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में हिन्दी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा तीन और चार के विद्यार्थियों के लिए कविता पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने भक्तिकाल एवं छायावादी युग के प्रसिद्ध कवियों की रचनाओं को सुनाया। बच्चों ने कवियों का जीवन परिचय भी दिया। कक्षा चार की ख्याति प्रथम, नैमिष दूसरे और राघव तथा सम्यक तीसरे स्थान पर रहे। अन्य छात्रों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। कक्षा ३ में कार्तिकेय तायल ने प्रथम स्थान प्राप्त कियां मीनल ने द्वितीय और आरव, आर्याश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दो एवं एक में कहानी कथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने विभिन्न जातक कथाओं का सुन्दर प्रस्तुतीकरण किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एक में रिदम महेश्वरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मान्या गर्ग ने दूसरा एवं आर्वी अरोरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा दो में अंशिका अग्रवाल प्रथम, मिष्टी राठी द्वितीय, निलांशी तृतीय स्थान तथा पीहू गुंबर, अर्जुन अरोरा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस सप्ताह में हिन्दी पठन पाठन गतिविधि का भी आयोजन हुआ, जिसमें शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को विभिन्न हिन्दी कहानियां भेजकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर छात्रों ने पोस्टर और कार्डस भी बनाए। विद्यार्थियों ने हिन्दी दिवस की शुभकामना संदेश भी प्रेषित किए। विंग इंचार्ज रेनू गोयल ने अपने संदेश में कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा है और हमारे देश का गौरव है। हमें सभी भाषाएं सीखनी चाहिए पर मातृभाषा के प्रति मन में विशेष सम्मान होना चाहिए। भाषा की समृद्धि में ही हमारी जातीय संस्कृति और राष्ट्र की समृद्धि निहित है।

समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई पुण्यतिथि

भोपा, 14 सितंबर(बु.)। संत की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बिहारगढ़ स्थित संत गणेशानंद महाराज की 16वीं पुण्यतिथि के मौके पर उनकी समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। सभी ग्रामवासियों ने इस मौके पर हवन-पूजन-कीर्तन के बाद भंडारे का आयोजन कर संत की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर मोहर सिंह, सूरजभान, नौबहार, महकपाल, रोहित, निहाल सिंह, इलम चंद, रामधन, विष्णु, ओंकार, गोविंद, राजकुमार, मेकीनाथ, लोकेंद्र आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

हिंदी दिवस का एसडी पब्लिक प्रांगण में हुआ भव्य आयोजन

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। पटेल नगर, स्थित एसडी पब्लिक सीनियर विंग में राष्ट्रभाषा, मातृभाषा के सम्मान में हिंदी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत छात्र–छात्राओं को भिन्न–भिन्न गतिविधियाँ जैसे कविता गायन, कथा वाचन, सुलेख लेखन आदि कराई जा रही हैं, जिनसे छात्रों का हिंदी भाषा के प्रति रुझान बढ़े। इसी श्रृंखला में १४ सितंबर को हिंदी दिवस मनाया गया। एक भाषा के रूप में हिंदी ना सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक तथा परिचायक भी है। हिंदी बहुत सरल, सहज व सुगम भाषा होने के साथ विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है। हिंदी दिवस के अवसर पर कक्षा बारहवीं की छात्रा करिश्मा सिंह तथा कक्षा आठवीं की छात्रा मनुश्री ने हिंदी की उत्पत्ति तथा विकास पर प्रकाश डाला। हिंदी अध्यापिका पिंकी गुप्ता के निर्देशन में कक्षा छह के छात्र रजत अरोरा ने अपने ओजस्वी स्वर में मैं हिंदुस्तान का जाया हूँ कविता का मधुर स्वर में गायन कर सबका मनमोह लिया। संगीत अध्यापिका वीना शर्मा के निर्देशन में हिंदी भाषा राष्ट्र की भाषा गीत का मधुर गायन छात्र–छात्राओं के द्वारा करके जन–जन को यह संदेश दिया गया कि हिंदी से ही हमारी पहचान है। श्रीमती अल्पना धीमान के निर्देशन में छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न लेखक–लेखिकाओं जैसे राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त, कृष्ण भक्त मीराबाई, खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी जैसी कविता लिखने वाली सुभद्रा कुमारी चौहान, आधुनिक मीरा महादेवी वर्मा तथा सुमित्रानंदन पंत के रूप धारण कर इस पुनीत पर्व पर उनका स्मरण किया गया। इसके उपरांत प्रीति शर्मा के निर्देशन में तैयार कराए गए छात्रों ने व्याकरण के विभिन्न क्षेत्रों जैसे बोली, उपभाषा, भाषा, लिपि, साहित्य आदि के विषय में सरल व सुगम ढंग से समझाया। कक्षा आठवीं की छात्रा रिद्धिमा ने श्रीमती रश्मि शर्मा के निर्देशन में तैयार कराए गए नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति करके सबका मन मोह लिया। तत्पश्चात हिंदी अध्यापिकाओं द्वारा कबीरदास तथा रहीमदास जी के दोहे गायन शैली में प्रस्तुत कर सबको जीवन में सफल होने का संदेश दिया गया। सोनिया अग्रवाल के निर्देशन में तैयार करवाए गए हिंदी भाषा से संबंधित नारों का छात्रों द्वारा सुंदर ढंग से लेखन व प्रस्तुतीकरण देखने योग्य था। भावना शर्मा के द्वारा तैयार की गई हिंदी प्रश्नोत्तरी का आयोजन ऑनलाइन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की डॉयरेक्टर चंचल सक्सेना एवं प्रधानाचार्या अनीता दत्ता ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ दीं तथा छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए उनको प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि हिंदी से हमारा मान–सम्मान तथा पहचान है। हिंदी भाषा के प्रसार से पूरे देश में एकता की भावना और मजबूत होगी। इसे राष्ट्रभाषा बनाने में गोविंद बल्लभ पंत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने इंटर हाउस दोहा प्रतियोगिता की भी घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने हिंदी की एक सुंदर कविता भाषा हूँ मैं, धर्म हूँ, मैं भी सबके साथ सांझा की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के उपप्रधानाचार्य शिवकुमार शर्मा, मिडिल विंग इंचार्ज गीता मित्तल, एक्टिविटी इंचार्ज नूपुर गुप्ता, ऋतु सैनी, यामिनी साराभाई, दीपिका शर्मा तथा हिंदी अध्यापिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

बी–फार्मा चतुर्थ वर्ष का परीक्षाफल शत–प्रतिशत, ९० प्रतिशत अंक प्राप्त कर यमन रहे टॉपर

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। भोपा रोड स्थित एसडी कालेज ऑफ फार्मेसी एण्ड वोकेश्नल स्टडीज में बी–फार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्रों का परीक्षाफल घोषित हुआ, जिसमें यमन टॉपर रहे। श्रेष्ठता सूचि के आधार पर टॉपर्स छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। यह परीक्षा परिणाम डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ ने घोषित किया। बी–फार्मा चतुर्थ वर्ष के यमन ८.६५ एसजीपीए प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, वहीं महिमा ने ८.७५ एसजीपीए प्राप्त कर द्वितीय एवं विशुपाल ने ८.६५ एसजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान पर बाजी मारी। इस परीक्षाफल में बी–फार्मा चतुर्थ वर्ष के १८ छात्रों को ऑनर सहित उत्तीर्ण किया गया, जो कि सभी के लिए गर्व का विषय है। कॉलेज निदेशक डॉ. अरविन्द कुमार ने छात्र–छात्राओं को उनके परीक्षाफल पर बधाई देते हुए कहा कि यह परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा। इस परीक्षाफल में १८ छात्र ऐसे रहे जिन्होंने ७५ से ८० प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किये, जिसमें कि १२ छात्रों को ८० प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त हुए। कोरोना महामारी की गाइडलाइन का अनुसरण करते हुए इस सेमिस्टर सभी छात्रों ने ऑनलाइन कक्षाओं द्वारा घर पर रहकर ही अध्ययन किया और आन्तरिक परीक्षायें भी ऑनलाइन सम्पन्न कराई गई थी, जिसके फलस्वरूप विश्वविद्यालय ने परीक्षा का पैटर्न बदलकर वैकल्पिक प्रश्नों पर आधारित प्रश्नपत्रों द्वारा परीक्षायें सम्पन्न कराई गई थी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के आदेशानुसार छात्रों को इस सत्र के लिए भी घर पर रहकर ही ऑनलाइन कक्षाओं के द्वारा पाठ्यक्रम पूर्ण कराया जा रहा है। अपने परीक्षाफल पर सभी छात्र–छात्राओं ने खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ. क्षितिज अग्रवाल, डॉ. वैशाली सिंह, विमल कुमार भारती, सौरव घोष, हरेन्द्र, प्रवीण कुमार, ईशान अग्रवाल, आसिफ खान, पल्लवी गौतम, राबिया, चारू भारती, उत्सव वर्मा, सुबोध कुमार, सोनू कुमार, रोहित, विनय, अतुल, सना, विकास कुमार, राहुल, अमित, अंकित, आदि ने छात्रो को अपने संदेशों द्वारा हार्दिक बधाईयां दी।

आधुनिक विश्व परिदृश्य में हिन्दी की बढ़ती स्वीकार्यता

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। नगर के डीएवी कॉलेज में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 'आधुनिक विश्व परिदृश्य में हिन्दी की बढ़ती स्वीकार्यता' विषय पर एक निबंधक व लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता शर्मा ने छात्र छात्राओं का जीवन में लक्ष्य निर्धारण कर, कर्म को पूजा मानते हुए उसी दिशा में अथक प्रयास कर बढ़ने की प्रेरणा दी। डॉ. संगीता श्रीवास्तव ने हिन्दी भाषा के माध्यम से कौशल विकास पर बल दिया। डॉ. सुरेन्द्र पाल ने राष्ट्र निर्माण में हिन्दी की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. प्रीति अग्रवाल ने छात्र छात्राओं को मातृभाषा के माध्यम से कर्तव्य पथ पर बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. रेखा रानी ने सभी प्रतिभागियों तथा प्राध्यापकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विश्व पटल पर हिन्दी के सार्वभौमिकरण करने की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शशि शर्मा द्वारा छात्र छात्राओं को जीवन में सफल होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर रजनी शर्मा, नेहा, निष्ठा, शिवानी, आर्य सिंह, आशीष कुमार आदि ने अपनी प्रतिभागिता की।

हिन्दी दिवस पर वर्ल्ड विजन में वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। वर्ल्ड विजन विद्यालय में हिंदी दिवस पर वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। "हिन्दी है भारत की एकता और अखंडता की पहचान, हिन्दी ही तो है मेरे भारत की जान " हिंदी भारत की मातृभाषा है। १४ सितंबर १९४९ के दिन हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया। इसलिए प्रतिवर्ष १४ सितंबर को पूरे भारत में हिंदी दिवस मनाया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए १४ सितंबर को विद्यालय में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा ३ से लेकर कक्षा ११ तक के छात्र– छात्राओं ने हिस्सा लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमें सदैव शुद्ध हिंदी के प्रयोग पर बल देना चाहिए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आज अन्य देशों में भी हिंदी सीखी व सिखाई जाती है। अतः हर भारतीय को हिंदी भाषा पर गर्व होना चाहिए।

स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल में 'हिंदी दिवस' मनाया गया

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। हिंदी हमारे देश की मातृभाषा है। अनेकता में एकता का स्वर हिंदी के माध्यम से ही गूंजता है। १४ सितंबर १९४९ को हिंदी को राज्यभाषा का दर्जा दिया गया, इसीलिए प्रतिवर्ष १४ सितंबर को पूरे भारत में धूमधाम से 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इसी परंपरा को रखते हुए स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल में 'हिंदी दिवस' मनाया गया, जिसके अंतर्गत स्कूल में अनेक प्रतियोगिताओं जैसे सुलेख, निबंध, विज्ञापन, स्लोगन आदि का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर स्कूल की छात्रा सृष्टि पाल ने हिंदी स्पीच के माध्यम से बताया कि हिंदी देश को जोड़ने वाली भाषा है। अंत में स्कूल की प्रधानाचार्य सोनिया बंसल ने हिंदी दिवस के विषय में कहा कि हमें सदैव शुद्ध हिंदी के प्रयोग पर ही बल देना चाहिए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आज अन्य देशों में भी हिंदी सिखाई जाती है। अतः प्रत्येक भारतीय को हिंदी भाषा पर गर्व होना चाहिए।

भारत विकास परिषद 'समृद्धि' द्वारा ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल में शिक्षकों एवं छात्रों का अभिनन्दन

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। ग्रेन चौम्बर पब्लिक स्कूल में भारत विकास परिषद "समृद्धि" द्वारा "गुरु वन्दन एवं छात्र अभिनन्दन" कार्यक्रम के तहत शिक्षको एवं छात्रों का अभिनन्दन किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत "वन्दे मातरम" से हुआ। तत्पश्चात माँ शारदे का आह्वान भारत विकास परिषद "समृद्धि" के अध्यक्ष विनोद संगल, संयोजक अनिल प्रकाश बंसल, कौशलकृष्ण अग्रवाल एवंसदस्य अरुण खण्डेलवाल, अशोक सिंघल, कृष्ण कुमार बंसल, अचिन अग्रवाल, लोकेश डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी ने मंत्रोच्चारण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया। तदोपरान्त भारत विकास परिषद "समृद्धि" शाखा के अध्यक्ष विनोद संगल एवं सम्मानित पदाधिकारियों द्वारा सन २०२०–२१ की बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं का प्रशस्ति–पत्र एवं ट्रॉफी देकर अभिनन्दन किया गया। कक्षा १० में छात्र हर्षित सैनी को ९७.८ प्रतिशत अंक तथा छात्रा राधिका अग्रवाल को ९४.८ प्रतिशत अंक प्राप्त किए जाने पर सम्मानित किया गया। कक्षा १२ की छात्रा लावण्या गुप्ता को विज्ञान वर्ग में ९६.४ प्रतिशत अंक तथा विभूति जैन को वाणिज्य वर्ग में ९६.४ प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किए जाने पर सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. मनोज कुमार गुप्ता को "समृद्धि" शाखा द्वारा पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। रुचि गुप्ता (पीजीटीफाइन आर्ट्स) एवं ऋतु जैन (टीजीटी साइंस) को बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए सम्मानित किया गया। अरुण खंडेलवाल द्वारा हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी की विश्व में बढ़ती प्रसिद्धि से छात्रों को अवगत कराया। भारत विकास परिषद मुजफ्फरनगर "समृद्धि" शाखा के कोर्डिनेटर कौशल कृष्ण ने विद्यालय प्रबंधक, निदेशक, प्रधानाचार्य, समस्त स्टाफ एवं छात्रों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य आजाद वीर ने विद्यालय प्रांगण में आए हुए भारत विकास परिषद "समृद्धि" शाखा के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा सभी को "हिन्दी दिवस" की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। कार्यक्रम का संचालन हर्षिता मिश्रा द्वारा किया गया।

प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित किया

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। खतौली के गणेश वेंकट हॉल में प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता राज्यमंत्री अनिल शर्मा वन संरक्षण मंत्री रहे एवं मुख्य अतिथि प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष संयोजक अशोक बाटला एवं जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला रहे। उपस्थिति में जिले के संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ भूदेव सिंह, स्थानीय विधायक विक्रम सैनी, खतौली के प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के संयोजक अंतिल गुप्ता रहे।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक– अंकुर दुआ
उप–सम्पादिका–श्रीमति पूजा दुआ
मो. (आ.)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन–9368549219 (नि.)7983359929,
सम्पादक– 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

शारदेन स्कूल में मनाया हिंदी दिवस

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। हिंदी दिवस हमारी सांस्कृतिक जड़ों को फिर से देखने और अपनी समृद्धता का जश्न मनाने का दिन है। आज शारदेन स्कूल में हिंदी दिवस मनाया गया। बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़–चढ़कर भाग लिया। हिंदी हमारी मातृभाषा है। हमें इसका आदर और उसका मूल्य समझना चाहिए। भारत कहे या फिर हिंदुस्तान, जिसमें तमाम भाषा और संस्कृति के लोग रहते हैं, लेकिन इस देश के दिल में बसती है हिंदी। भारत के संविधान में देवनागरी लिपि में लिखित हिंदी को अनुच्छेद ३४३ के तहत देश की आधिकारिक भाषा के रूप में १९५० में अपनाया था। १४ सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। हिंदी के महत्व पर जोर देने के लिए विद्यार्थियों को बच्चों को अपनी जड़ों के बारे में याद दिलाने का यह एक अच्छा तरीका है। यह दिन हमें अपनी पहचान याद दिलाता है। इस अवसर पर कक्षा नवी एवं दसवीं के छात्र–छात्राओं ने नारा लेखन का कार्य किया। कक्षा आठवीं क्लास के बच्चों ने कविता लेखन, निबंध लेखन और सातवीं क्लास के बच्चों ने पोस्टर एवं कहानी लेखन कार्य किया। कुछ बच्चों ने कविताएं भी सुनाई। अध्यापिकाओं ने कक्षा में बच्चों को हिंदी दिवस के महत्व के बारे में बताया। हिंदी हमारी मातृभाषा है और हमें इसका आदर करना चाहिए। स्कूल प्रधानाचार्या धारा रतन ने शिक्षक–शिक्षिकाओं एवं छात्र–छात्राओं को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी।

जी.डी. गोयनका विद्यालय में हिंदी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। जी. डी. गोयनका विद्यालय में हिंदी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्रों ने ऑनलाइन माध्यम से तथा विद्यालय में उपस्थित होकर हिंदी दिवस के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने बताया कि हिंदी भाषा ही नहीं बल्कि भाव है। विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने इन कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें नर्सरी से पाचवीं तक के बच्चों ने कविता, नृत्य, हास्य कवि सम्मलेन प्रस्तुत किए और पोस्टर बनाए। कक्षा छठी से बारवीं तक के छात्रों ने हिंदी भाषण, दोहे व साखी गायन, स्वलिखित मुक्त कविता एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हिन्दी की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने संस्कृत श्लोक प्रस्तुत कर हिंदी के महत्व को बताया। हिंदी विभागाध्यक्ष दीपक पंडित के साथ–साथ हिंदी विभाग की अध्यापिका–शुची शर्मा, रुचि शर्मा, संगीता शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया के हिंदी एक जन मानस की भाषा होने के साथ–साथ मन के विचारों और भावों को प्रस्तुत करने का वह माध्यम है, जिसमें हावभाव के साथ अपनी अभिव्यक्ति को व्यक्त किया जा सकता है। हिंदी दिवस मनाने के पीछे सरकार का प्राथमिक उद्देश्य हिंदी भाषा की संस्कृति को बढ़ावा देना और फैलाना है। १४ सितम्बर १९४९ को संविधान सभा ने यह निर्णय लिया कि हिन्दी भी केन्द्र सरकार की आधिकारिक भाषा होगी, क्योंकि भारत मे अधिकतर क्षेत्रों में ज्यादातर हिन्दी भाषा बोली जाती थी, इसलिए हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने का निर्णय लिया और इसी निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये वर्ष १९५३ से पूरे भारत में १४ सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी–दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थापित करवाने के लिए काका कालेलकर, हजारीप्रसाद द्विवेदी, सेठ गोविन्ददास आदि साहित्यकारों को साथ लेकर व्यौहार राजेन्द्र सिंह ने अथक प्रयास किये।

एसडी कॉमर्स में वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में हिन्दी दिवस पर एक वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल व मानविकी संकाय की विभागाध्यक्षा श्रीमति एकता मित्तल ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय आधुनिकता की पहचान– ''अंग्रेजी या हिन्दी'' रहा, जिसमें महाविद्यालय के समस्त संकायों के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्र/छात्राओं ने हिन्दी को सरल भाषा बताया व जिसे लिखना व पढ़ना अत्यन्त ही आसान है भारत वर्ष में ७० प्रतिशत लोग हिन्दी भाषा का उपयोग करते हैं व हिन्दी ही हमारी आधुनिकता की पहचान होनी चाहिए। प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं में मुख्य रूप से फातीमा, शिवानी, नूर, नशरा, स्वाति, श्रुति, मंजू, तान्या, वंशिका, खुशी, वर्षा, रिया, तनु आदि रही। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तान्या बीएससी (गृहविज्ञान), द्वितीय स्थान साक्षी नामदेव (मानविकी विभाग) व तृतीय स्थान पंखुरी गर्ग (बीएफए) एवं सांत्वना पुरस्कार इशिका कौशिक (बीएफए) व रितिक (मानविकी विभाग) को मिला। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ. अमित कुमार, नीतु गुप्ता व एकता मित्तल रहे एवं कार्यक्रम का संचालन श्रीमति गरिमा कंसल ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल ने अपने वक्तव्य में बताया कि भारत में प्रत्येक वर्ष १४ सितंबर को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस मनाया जाता है। १४ सितम्बर १९४९ को संविधान सभा ने निर्णय लिया था कि हिन्दी ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने और हिन्दी को हर क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के अनुरोध पर वर्ष १९५३ से पूरे भारत में १४ सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि हिन्दी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की एक मजबूत कड़ी है। हिन्दी केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि भावनाओं का उमड़ता सैलाब है, जो हर दिन सफलता के नए सोपान गढ़ रही है और एक नदी की भांति आगे बढ रही है। मानविकी विभाग की विभागाध्यक्षा एकता मित्तल ने महान साहित्यकार भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की दो पंक्तियों– 'निज भाषा उन्नति रहे, सब उन्नति के मूल। बिनु निज भाषा ज्ञान के रहत मूढ–के–मूढ।।' के माध्यम से हिन्दी के महत्व को समझाया। उन्होने कहा कि जो लोग हिन्दी भाषा बोलने वालों को हीन भावना की दृष्टि से देखते है, उनको यह बात समझनी होगी की आधुनिक होना केवल अंग्रेजी भाषा बोलना नही हैं, हमारे समाज में ऐसे बहुत से आधुनिक सभ्यता मानने वाले लोग भी है, जो हिन्दी बोलने में गर्व समझते हैं। प्रतियोगिता को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण व कर्मचारियों आदि का योगदान रहा।

विधायक उमेश मलिक ने स्वागत किया

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के गांव सावटू निवासी रजनीश बालियान के भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला मंत्री बनने पर क्षेत्रीय विधायक उमेश मलिक ने उनका स्वागत किया। मंगलवार को विधायक उमेश मलिक अपने समर्थकों के साथ भाजपा के नवनियुक्त जिला मंत्री पिछड़ा मोर्चा रजनीश बालियान के आवास पर पहुंचे। उन्होंने फूल माला पहना कर जिला मंत्री का स्वागत किया। विधायक उमेश मलिक ने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रही है। पिछड़े वर्ग का साथ भाजपा के साथ है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा ओमेन्द्र मुखिया, मण्डल अध्यक्ष यशपाल बालियान, मण्डल अध्यक्ष किसान मोर्चा संजीव बालियान, नामित सभासद सिसौली सहदेव बालियान, आशिन्द्र प्रधान, पवन प्रधान, पुनीत बालियान, विनोद बालियान, मैनपाल बालियान, सोनू बालियान आदि लोग मौजूद रहे।

एमजी पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। आज एमजी पब्लिक स्कूल में हिन्दी दिवस को हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान स्कूल में आयोजित गतिविधियों में सभी छात्रों एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए हिन्दी भाषा के विभिन्न विषयों पर आधाराति निबंध और कविता लेखन प्रतियोगिता में भाग लेकर मातृभाषा हिन्दी के प्रति अपने विचार व्यक्त किए। एमजी पब्लिक स्कूल में आज आयोजित हिन्दी दिवस कार्यक्रम में कक्षा ६ से कक्षा १२ तक के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अनेक गतिविधियों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल की प्रिंसीपल मोनिका गर्ग द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि हिन्दी दिवस पर स्कूल में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें छात्र–छात्राओं को अलग–अलग विषय देकर निबन्ध और कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित कराई गई है। विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में हमारी मातृभाषा – हिन्दी, हमारा गर्व हमारा स्वाभिमान–मातृभाषा हिन्दी और हिन्दी भाषा का महत्त्व विषयों पर अपने सुन्दर विचार प्रस्तुत करते हुए निबन्ध लिखे। कार्यक्रम में प्रिंसीपल मोनिका गर्ग ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि एक भारतीय होने के नाते हमें हिन्दी का अच्छा ज्ञान होना जरूरी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारी मातृभाषा हिन्दी होने के बाद भी ज्यादातर लोग बोलते हैं कि उनको हिन्दी नहीं आती है। हिन्दी भाषा को आज सही ढंग से समझने की भी आवश्यकता है। उन्होंने छात्र–छात्राओं को कहा कि हिन्दी बोलते समय शब्दों का सही उच्चारण और चयन भी करना सीखें। हिंदी भारतीय संस्कृति की आत्मा है। ये भाषा हमारी पहचान ही नहीं, बल्कि हमारी आत्मा भी है। हिंदी दिवस की सार्थकता तभी सिद्ध हो सकती है, जबकि हम अपने प्रयासों से दूसरे लोगों में हिंदी के प्रति एक स्वाभिमान और प्रेरणा जगा पायें। स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो की धर्म सभा में हिन्दी भाषा में ही अपना भाषण देकर भारतीय सभ्यता के दर्शन से सम्पूर्ण जगत को अवगत कराया था, जिससे हिन्दी भाषा को भी वैश्विक स्तर पर बल मिला। आज हमें भी हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार और इसके विकास के लिए अपना सकारात्मक योगदान करने के लिए आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में स्कूल के सभी हिन्दी विषय के अध्यापक और अध्यापिकाओं ने भी जीवन में हिन्दी भाषा के महत्व के बारे में छात्र–छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम की सफलता में उनका सार्थक योगदान रहा।

एसडी लॉ में हिंदी दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। नगर के भोपा मार्ग (रोड) पर स्थित एसडी कॉलेज ऑफ लॉ में आज हिंदी दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कॉलेज चेयरमैन अशोक सरीन और सचिव विनोद कुमार ने हिन्दी दिवस की शुभकामनाओं के साथ विचार गोष्ठी का शुभारम्भ किया, जिसमे हिंदी की अनिवार्यता पर बल देने की सामूहिक स्वीकृति पर एक मत रहा। मुख्य वक्ता डॉ. मुकुल गुप्त

1973-2021

सम्पादक की क़लम से

महेंद्र प्रताप विश्वविद्यालय

अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर प्रधानमंत्री ने विश्वविद्यालय की आधारशिला रक्खी। प्रधानमंत्री कल अलीगढ़ में रहे। राजा महेंद्र प्रतापसिंह हाथरस ज़िले के मुरसान रियासत के राजा थे। जाट परिवार के राजा महेंद्र प्रताप सिंह की शख़्सियत के कई रंग थे। वे अपने इलाक़े के काफ़ी पढ़े-लिखे शख़्स तो थे ही, लेखक और पत्रकार की भूमिका भी उन्होंने निबाही। पहले विश्वयुद्ध के दौरान अफ़ग़ानिस्तान जाकर उन्होंने भारत की पहली निर्वासित सरकार बनाई। वे इस निर्वासित सरकार के राष्ट्रपति थे। 1 दिसंबर, 1915 को राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने अफ़ग़ानिस्तान में पहली निर्वासित सरकार की घोषणा की थी। निर्वासित सरकार का मतलब यह है कि अंग्रेज़ों के शासन के दौरान स्वतंत्र भारतीय सरकार की घोषणा। राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने जो काम किया था, वही काम बाद में सुभाष चंद्र बोस ने किया था। इस लिहाज़ से देखें तो दोनों में समानता दिखती है। सुभाष चंद्र बोस कांग्रेसी थे और राजा महेंद्र प्रताप सिंह घोषित तौर पर कांग्रेस में नहीं रहे। हालांकि उस दौर में कांग्रेस के बड़े नेताओं तक उनकी धमक पहुँच चुकी थी। इसका अंदाज़ा महेंद्र प्रताप सिंह पर प्रकाशित अभिनंदन ग्रंथ से होता है, जिसमें उनके महात्मा गांधी से संपर्क का ज़िक्र है। राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने वृंदावन में प्रेम महाविद्यालय की स्थापना की थी और उनका यक़ीन था कि शिक्षा के ज़रिए ही समाज में प्रेम और सद्भाव को स्थापित किया जा सकता है। यह प्रेम विद्यालय वर्तमान समय में वृंदावन पॉलीटैक्निक संस्थान के तौर पर उम्दा संस्थान माना जाता है। शांति-सद्भाव और शिक्षा के लिए कोशिशों को देखते हुए ही 1932 में राजा महेंद्र प्रताप सिंह को शांति के नोबल पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। 1962 में मथुरा लोकसभा से चुनाव हारने के बाद वे सार्वजनिक जीवन में बहुत सक्रिय नहीं रहे और उनका निधन 29 अप्रैल, 1979 को हुआ था। उनके निधन पर तत्कालीन केंद्र सरकार ने डाक टिकट भी जारी किया था। उन्हीं राजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर विश्वविद्यालय की आधारशिला रक्खी गयी। राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री की इस यात्रा के राजनैतिक अर्थ भी निकाले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में अपने बचपन के क़िस्से सुनाए। माना जा रहा है कि मोदी के इस दौरे से भाजपा ने 100 सीटों पर फोकस किया है। यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट और ओबीसी वोटर्स को अपने पाले में करने की कोशिश है। मुज़फ़्फ़रनगर में सरकार के ख़िलाफ़ किसान महापंचायत के तुरंत बाद प्रधानमंत्री का अलीगढ़ दौरा काफी अहम माना जा रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसान आंदोलन के चलते भाजपा को कुछ कमज़ोर माना जा रहा है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री का ये दौरा बड़ी सियासी चाल बताई जा रही है। प्रधानमंत्री का यह दौरा यूनिवर्सिटी और डिफेंस से जुड़ा था, लेकिन विधानसभा चुनावों की आहट भी थी। मोदी ने केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय को लेकर भी बात कही। वह बोले, मुख्यमंत्री योगी की अगुआई में उत्तर प्रदेश का काफ़ी विकास हुआ है। यहां देश और दुनिया के हर छोटे-बड़े निवेशक आ रहे हैं। ये तब होता है, जब निवेश के लिए जरूरी माहौल बनता है, ज़रूरी सुविधाएं मिलती हैं। केंद्र और प्रदेश की योगी सरकार मिलकर लोगों को यही सुविधाएं देने का काम कर रही है। आज उत्तर प्रदेश डबल इंजन सरकार के डबल लाभ का एक बहुत बड़ा उदाहरण बन रहा है। राजा महेंद्र सिंह जाटों के बड़े राजा थे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट वोटर्स के बीच राजा महेंद्र सिंह का बड़ा सम्मान है। राजा महेंद्र सिंह ही ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के लिए अपनी ज़मीन दी थी, लेकिन यूनिवर्सिटी में कहीं भी उनका नाम नहीं है, बस लाइब्रेरी में एक फ़ोटो है। ऐसे में लम्बे समय से जाट वर्ग के लोग अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी का नाम राजा महेंद्र सिंह के नाम करने की मांग कर रहे थे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जाटों की, मुस्लिम और दलितों के बाद सबसे बड़ी आबादी है। इस इलाके के 5 मंडलों आगरा, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद और आंशिक रूप से बरेली में जाट बेहद प्रभावी है। इतना ही नहीं, इनका असर क़रीब 100 विधानसभा सीटों पर भी है। अलीगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने से पहले ही हिंदुस्तान का बंटवारा करवाने वाले और पाकिस्तान के संस्थापक मौहम्मद अली जिन्ना को लेकर बवाल हुआ था। लोग उनकी फ़ोटो विश्वविद्यालय से हटाने की मांग कर रहे थे। कुछ लोगों ने जिन्ना की फ़ोटो वहां किसी शौचालय में लगा दी थी। कोरोना की दूसरी लहर के बाद प्रधानमंत्री का ये तीसरा उत्तर प्रदेश दौरा है। इससे पहले वह 15 जुलाई को वाराणसी पहुंचे थे। दो महीने में प्रधानमंत्री ने दो बड़ी योजनाओं का शुभारंभ किया और उत्तर प्रदेश के लाखों लोगों से संवाद किया। वाराणसी दौरे के समय प्रधानमंत्री ने पूर्वांचल की 150 सीटों पर निशाना साधा था। तब भी प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के विकास और कोरोना मैनेजमेंट को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पीठ थपथपाई थी। इसके बाद कल्याण सिंह के निधन पर प्रधानमंत्री एक घंटे के लिए लखनऊ भी आए थे। अलीगढ़ के इस कार्यक्रम के 12 दिन बाद यानी 26 सितंबर को प्रधानमंत्री राजधानी लखनऊ में होंगे। यहां वो अर्बन कॉन्क्लेव में शिरकत करेंगे। शहरी आवास विकास विभाग के इस मेगा इवेंट में मोदी लाभार्थियों से बात करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इस बार अयोध्या के दीपोत्सव में भी शामिल हो सकते हैं। कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री अब हर महीने किसी न किसी विकास की योजना के शिलान्यास और लोकार्पण के लिए उत्तर प्रदेश आएंगे। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की सौग़ैत उत्तर प्रदेश की जनता को देने के लिए भी प्रधानमंत्री को उत्तर प्रदेश आना है। गंगा एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास, ज़ेवर एयरपोर्ट, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे जैसे योगी सरकार की योजनाओं के शिलान्यास और शुभारंभ के जरिए मोदी उत्तर प्रदेश आते रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग कॉलेज और मेडिकल कालेज की घोषणा की है। इसके साथ ही इस विश्वविद्यालय के आरम्भ में विभिन्न रोजगारपरक कोर्स भी शामिल किए जाएंगे। अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय से अलीगढ़ और आस-पास के करीब 2.5 लाख से अधिक छात्रों को सीधे तौर पर लाभ होगा।

चार तीर -सुनील 'उत्सव'

'पाखण्ड' 'वोट' 'लोभी' 'बुद्धि'

झूट है पाखण्ड है और ड्रामे बाज़ी खूब है,
वोट के लोभी की बुद्धि खो गई है इन दिनों।
रोज़ पूजा घर से फ़ोटो आ रहे हैं दोस्तो,
राज नेताओं में भक्ति बढ़ रही है इन दिनों।

श्री केवलानन्द आश्रम पर नर नारायण सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। श्री १००८ स्वामी केवलानन्द आश्रम ट्रस्ट (रजि) द्वारा आज राधाष्टमी के पावन पर्व पर श्री केवलानन्द आश्रम पर नर नारायण सेवा कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रताल स्थित आश्रम पर श्री बाँके बिहारी जी और श्री राधा रानी का भव्य श्रृंगार किया गया और राधा रानी का भोग लगाया गया और शुक्रतीर्थ के साधु महात्माओं और नारायण जन को पीले चावल, चाय व फलों का प्रसाद वितरण किया गया। आज के कार्यक्रम में उमा शंकर, नाथीराम, विनोद शर्मा, अमित तायल, शलभ गर्ग, उदय गर्ग आदि सदस्यगण सपरिवार के साथ साथ कई गुरूभक्तों एवं भक्तजनों उपस्थित रहे।

भाजपा महिला मोर्चा की बैठक आयोजित

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। भाजपा महिला मोर्चा की नवगठित जिला कार्यकारिणी की एक बैठक का आयोजन पार्टी कार्यालय पर किया गया, जिसमें पदाधिकारियों ने पार्टी हाईकमान के निर्देशों के क्रम में भाजपा के आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया और बूथ स्तर तक संगठन को विचार विमर्श करते हुए सरकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। नई मंडी गांधीनगर स्थित भाजपा कार्यालय पर मंगलवार को भाजपा महिला मोर्चा जिला कार्यकारणी की एक बैठक नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कविता सैनी की अध्यक्षता में हुई। उक्त बैठक में महिला मोर्चा पश्चिम क्षेत्र कार्यकारिणी की सदस्या रवीना सिंह बतौर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रही। पार्टी कार्यालय पर संपन्न बैठक में गाजियाबाद से आई मंडल गठन अधिकारी वर्षा चौपडा, सह प्रभारी रवीना सिंह ने सभी बूथ प्रभारियों को आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं इस बीच उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के बारे में भी बूथ प्रभारियों को जानकारी दी। बैठक में मुख्य रूप से जिला मंत्री मंजू पुंडीर, मीडिया प्रभारी दुलारी मित्तल, कार्यालय प्रभारी हरजीत कौर, अनीता गुप्ता, सीमा सैनी, गायत्री चौधरी कार्यकारिणी सदस्या मौजूद रहीं। जिलाध्यक्ष कविता सैनी ने बैठक में आई अतिथियों का आभार व्यक्त करने के साथ कार्यकर्ताओं से पार्टी के मिशन 2022 को सफल बनाने के लिए अन्य कार्यक्रमों में जुटने का आह्वान किया। इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किए जाने के लिए तमाम रणनीति पर भी चर्चा की गई।

बीएसएनएल अधिकारी-कर्मियों ने किया प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। अपनी लंबित मांगों को लेकर बीएसएनएल इम्प्लाइज यूनियन, ऑल इंडिया बीएस एनएल-डॉट पेंशनर्स एसोसिएशन और बीएसएनएल कैजुअल एंड कान्ट्रेक्ट वर्कर्स फैडरेशन की समन्वय समिति नई दिल्ली के निर्देश पर मंगलवार को प्रातः 11 बजे दूरभाष केन्द्र नई मंडी के प्रांगण में विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान संगठन के अधिकांश पदाधिकारियों के साथ अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार से भविष्य में सार्वजनिक क्षेत्रों का निजीकरण बंद करने, हर माह की अन्तिम तिथि को वेतन का भुगतान किए जाने के साथ 1 जनवरी 2017 से तीसरा वेतन संशोधन लागू कराने, वेतन संशोधन से अलग करके 15 प्रतिशत फिटमेंट के साथ पेंशन संशोधन करने, ठेका कर्मियों के वेतन बकाया का तत्काल प्रभाव से भुगतान करने, सीधे भर्ती कर्मचारियों को 30 प्रतिशत अधिवर्षता लाभ लागू करने, विभिन्न एलआईसीई को तुरंत लागू करने की मांग की। वहीं स्थगन की समस्या को हल करने के लिए एक नई पदोन्नति नीति लागू करने, मेडिकल बिलों का अविलंब भुगतान करने के साथ ही दिहाड़ी मजदूरों के लिए 7वीं सीपीसी वेतनमान को लागू करने के साथ ही 14 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के बाद में बीएसएनएल कार्यालय पर ही आरयू सिंह की अध्यक्षता में एक सामूहिक सभा हुई, जिसमें मौहम्मद इसराइल, शिवकुमार त्यागी, एनपी निगम, सतीश कुमार आदि ने संपन्न बैठक को सम्बोधित किया। इस प्रदर्शन और सभा में भारी संख्या में बीएसएनएल कर्मचारियों तथा पेंशनर्स ने प्रतिभाग किया और अपनी मांगों के समर्थन के लिए नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार से मांगों को पूर्ण कराए जाने की मांग की।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपा

जानसठ, 14 सितंबर (बु.)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने 21 सूत्रीय मांगों को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने अपनी मांगों को पूरा न करने पर सरकार को चेतावनी दी है। प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपने मांग पत्र में पुरानी पेंशन बहाली, कैशलैस चिकित्सा, एसीपी उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार का अवकाश, छात्रों को बैठने हेतु फर्नीचर, बिजली पंखे, पीने का शुद्ध पानी एवं विद्यालय की चारदीवारी कराने की मांग की है। उन्होंने प्रत्येक कक्षा पर अध्यापक, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं चौकीदार रखने की मांग की है। शिक्षकों के अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण व पदोन्नति आदि के कार्य कराने पर होने वाले शोषण बंद करने की मांग भी की। संविलयन निरस्त शिक्षकों को पदोन्नति ऑनलाईन कार्य के नाम पर शिक्षकों का शोषण बन्द करने, सेवानिवृत्त शिक्षकों, पेंशनर्स की समस्याओं का निराकरण, सामूहिक बीमा की धनराशि 10 लाख रुपये, वार्षिक प्रविष्टि का शासनादेश वापस लेने व कोरोना महामारी एवं पंचायत निर्वाचन के दौरान मृत शिक्षक एवं अनुदेशकों के परिवारों को एक करोड़ रुपये की मुआवजा राशि की मांग सहित विभिन्न 21 मांगों को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी सविता डबराल को ज्ञापन सौंपा।

वैक्सीनेशन कैंप में ३०० लोगों को लगाई वैक्सीन

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। मौहल्ला बचनसिंह कॉलोनी में जिला पंचायत सदस्य पंडित श्रीभगवान शर्मा के आवास पर आज कोरोना वायरस वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें ३०० लोगों को कोरोना वायरस से बचाव के लिए वैक्सीन लगाई गई। जिला पंचायत सदस्य पंडित श्रीभगवान शर्मा ने फीता काटकर वैक्सीनेशन कैंप का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि उनके आवास पर यह चौथा वैक्सीन कैंप लगाया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में कोरोना वायरस से बचाव के लिए टीके लगाए गए हैं। वैक्सीनेशन कैंप में स्वास्थ्य केंद्र, मखियाली से पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कोरोना के टीके लगाए, जिसमें एएनएम बीना धीमान, प्रियंका रावत संगिनी, एएनएम शालू चौधरी ने टीके लगाए और बुखार से बचाव के लिए टेबलेट भी दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कोरोना से बचाव के उपाय भी बताएं। वैक्सीनेशन कैंप में १८ प्लस ४४ प्लस के लिए कोविड-१९ कोविशिल्ड व कोवैक्सीन लगाई गई। कैंप में ३०० लोगों को टीके लगाए गए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पंडित श्रीभगवान शर्मा, सरवट की पूर्व ग्राम प्रधान श्रीमती उषा शर्मा, पंडित ऋषभ देव शर्मा, रमेश ठाकुर, महेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, आलोक कुमार, मास्टर नीरज त्यागी, समेंद्र शर्मा, मास्टर सोहनवीर सिंह, सतीश शर्मा, सतीश शर्मा, प्रतीक शर्मा, नरेंद्र उपाध्याय, मयंक शर्मा, विवेक शर्मा, मानसिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

मौउंट लिट्रा जी स्कूल में मनाया गया हिंदी दिवस

मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बुस.)। नगर के लिंक रोड स्थित माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में हिंदी दिवस अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा 1 से 3 तक के छात्रों द्वारा कविता वाचन, कक्षा 4 से 7 तक चित्रकला प्रतियोगिता व कक्षा 8 से कक्षा 10 तक निबंध प्रतियोगिता और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने हिंदी के प्रति अपने सम्मान को व्यक्त करते हुए प्रतियोगिताओं में भाग लिया। हिंदी विश्व की प्राचीन, समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ-साथ हमारी राजभाषा भी है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी के प्रति जागरूकता पैदा करने और हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहन देने के लिए हमें हरसंभव प्रयत्न करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय निर्देशिका चारु भारद्वाज, प्रधानाचार्य डॉ. पियूष गुप्ता, शैक्षिक निर्देशिका प्रिया कौशिक ने कहा कि हमें भारत की सांस्कृतिक धरोहर अपनी मातृभाषा हिंदी को सुदृढ़ और समृद्ध बनाना चाहिए। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत और प्रतिभा से हिंदी की गरिमा को विश्व के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए, ताकि हर कोई हिंदी की महत्ता को जान सके और मान सके।

लायंस क्लब मुजफ्फरनगर 'सेंट्रल' ने राधाष्टमी पर सेवा कार्य सम्पन्न कराया

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। लायंस क्लब मुजफ्फरनगर सेंट्रल ने मंगलवार, श्रीराधा अष्टमी के शुभ अवसर पर दो सेवा कार्य एक साथ सम्पन्न किए। सर्व प्रथम लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट ३२१-C१ के गवर्नर द्वारा संचालित प्रोग्राम "Releive the hunger" के तहत क्लब के सदस्यों द्वारा पटेल नगर स्थित वृद्धाश्रम में दाल, चावल, चीनी आदि के पैकेट वितरित किए गए। उसके बाद भोपा रोड पर रह रहे झुग्गी झोपड़ी वाले गरीब परिवारों को अनाज के पैकेट वितरित किए गए। इसके पश्चात सभी सदस्यों द्वारा जिला कारागार में पहुँचकर कारागार में रह रही महिला कैदियों व उनके बच्चों को नए वस्त्र व खिलौने वितरित किए गए। क्लब अध्यक्ष लायन अंकित संगल द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम के लिए जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा से पहले ही स्वीकृति ले ली गई थी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उनका विशेष सहयोग मिला है व अधीक्षक साहब आगे भी सजा काट रहे कैदियों के उत्थान के लिए ऐसे कार्यक्रम करवाते रहेंगे। जैसे आने वाले समय में जेल परिसर में वो एक पुस्तकालय बनवा रहे हैं, जिसमें बच्चों के लिए शिक्षा व बड़ों के लिए प्रेरणादायक पुस्तकों होंगी, जिन्हें पढ़कर वहाँ रह रहे कैदियों की मानसिकता में साकरात्मक बदलाव आ सके और जेल से बाहर जाकर वो सब एक अच्छा जीवन व्यतीत कर सकें। पूर्व वर्षों में भी लायन अशोक अत्री की अध्यक्षता में लायंस क्लब सेंट्रल द्वारा इसी जेल में प्याऊ व शौचालय आदि का निर्माण कार्य करवाया हुआ है, जिसके लिए जेलर साहब ने क्लब के सेवा कार्यों की बढ़-चढ़कर सरहाना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की प्रथम महिला लायानेड दीपा संगल, सेक्रेटेरी लायन मानव शेखर व लायानेड नेहा जैन, कार्यक्रम चेयरमेन लायन नरेश शर्मा व नीलम शर्मा, लायन संजय जैन, अरुणा जैन, सीनियर लायन सुधीर गोयल व सुनीता रानी, लायन सचिन सिंघल, लायन दिनेश गर्ग, लायन नील कमल पुरी, लायन अजय चौहान, लायन अशोक भरतिया का विशेष सहयोग रहा।

तालिबान ने मुल्ला बरादर के झड़प में मारे जाने की खबरों को किया खारिज

नई दिल्ली, १४ सितम्बर (नेट)। अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान ने उन खबरों को खारिज कर दिया है, जिनमें तालिबान के डिप्टी पीएम मुल्ला अब्दुल गनी बरादर की हत्या होने की बात की जा रही है। इसे साबित करने की कोशिश में तालिबान ने मुल्ला बरादर का एक आडियो भी जारी किया है। इसके अलावा एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें मुल्ला बरादर कंधार में बैठक कर रहा है। हालांकि इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं हुई है। तालिबान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने कहा कि राजनीतिक कार्यालय के प्रमुख रहे और डिप्टी पीएम मुल्ला अब्दुल गनी बरादर न तो मरे हैं और न ही घायल हुए हैं। उन्होंने अपना एक आडियो संदेश भी जारी किया है।

यूपी वॉलीबॉल के राज्य सचिव सुनील तिवारी एवं उपाध्यक्ष बीएन मिश्रा का नगर में हुआ ऐतिहासिक स्वागत

मुजफ्फरनगर, १४ सितंबर (बुस.)। उत्तर प्रदेश वालीबाल के प्रांतीय अवैतनिक महासचिव एवं वालीबॉल भारतीय महासंघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुनील कुमार तिवारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष गोरखपुर बैजनाथ मिश्रा और रविंद्र कानपुर और अजय राय एवं सहारनपुर के नवनियुक्त जिला वालीबाल संघ सचिव अंकित सिंह का ऐतिहासिक स्वागत किया गया। स्वागत समारोह जिला वालीबाल संघ मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष सूरज प्रकाश मलिक एवं सचिव सैयद मुजम्मिल हुसैन के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर वालीबाल संघ की ओर से दिलशाद पहलवान, रिजवान कुरैशी, आशीष शर्मा, अक्षय चौधरी काकड़ा आदि बड़ी संख्या में खिलाड़ी भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में वालीबाल को मजबूत करने के लिए एवं खिलाड़ियों की यूनिटी के लिए यूपी वॉलीबॉल के राज्य महासचिव सुनील कुमार तिवारी एवं बैजनाथ मिश्रा कई पदाधिकारियों के साथ भ्रमण पर हैं। आज मुजफ्फरनगर का भ्रमण समाप्त कर सुनील कुमार तिवारी एवं बैजनाथ मिश्रा मुजफ्फरनगर से मेरठ के लिए प्रस्थान कर गए हैं। मेरठ और गाजियाबाद में सुनील कुमार तिवारी एवं बैजनाथ मिश्रा के स्वागत की तैयारियां की जा रही है। उसके पश्चात यह दोनों पदाधिकारी कानपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। मुजफ्फरनगर आगमन के पश्चात सुनील कुमार तिवारी एवं बैजनाथ मिश्रा ने जिला वालीबाल संघ मुजफ्फरनगर के सभी पदाधिकारियों एवं समस्त वालीबाल खिलाड़ियों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि मुजफ्फरनगर से और अधिक खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे और देश भर में प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर धरना प्रदर्शन

भोपा, 14 सितंबर (बु.)। भोपा बीआरसी पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वन पर विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर विभिन्न मांगों के सम्बंध में एक दिवसीय प्रदेश व्यापी सांकेतिक धरना, प्रदर्शन बीआरसी भोपा पर सम्पन्न हुआ। धरने-प्रदर्शन में मौजूद शिक्षकों ने कहा कि वह अपनी मांगों को हरगिज़ मनवा कर रहेंगे। शिक्षकों पर शिक्षा से अलग अनेकों प्रकार का बोझ डाल दिया गया है, जिससे शिक्षक हर परेशानी से गुजर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऋषिराज अध्यक्ष प्रा. शिक्षक संघ मोरना द्वारा की गई। इस दौरान शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन खण्ड शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार को सौंपा। धरने में मुख्य रूप से शर्मिल कुमार, प्रदीप कुमार, राम कुमार, सत्यवीर सिंह, राजेश कुमार राठी, अजय कुमार जैन, कपिल वर्मा, आशू कुमार, राजीव सहरावत, सुरेश कुमार व आज़ादवीर आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

भजन गाकर भगवान गणेश की पूजा की

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। गांधी कॉलोनी स्थित पंडित मनसुख शर्मा के सानिध्य में चल रहे गणेश उत्सव में स्थानीय लोगों ने उपस्थित होकर गणेश वंदना के साथ-साथ गणेश भजन गाकर भगवान गणेश की पूजा की। इस अवसर पर पंडित मनसुख शर्मा ने कहा कि गणेश जी रिद्धि सिद्धि के दाता हैं। किसी के कार्य का शुभारंभ बिना गणेश जी के शुभ नहीं माना जाता है, गणेश जी के निकट रहना, प्रणाम करना, उनसे कुछ सीखना जीवन में महत्वपूर्ण है। महामृत्युंजय सेवा मिशन अध्यक्ष पंडित संजीव शंकर ने कहा कि कुंडली में राहु की महादशा, प्रत्यंतर दशा या राहु के विपरीत स्थिति में गणेश जी को दूर्वा चढ़ाने से बहुत जल्द राहत मिलती है। लेखन शक्ति के अद्वितीय देवता गणेश जी है। गणेश जी ने ही महाभारत काव्य अपने हाथों से लिखा था। उन्हें बुद्धि के साथ साथ लेखन कार्य का भी अधिपति माना गया है। गणेश जी सभी देवी देवताओं में सबसे अधिक धैर्यवान है। उनका चित्त स्थिर और शांत है। कैसी भी परिस्थिति हो वे अपना धैर्य नहीं खोते हैं। शांत भाव से अपने कार्य को करते रहते हैं। इसी कारण उनकी लेखन की शक्ति भी अद्वितीय मानी गई है। इस अवसर पर मुख्य रूप से उमा शर्मा, उषा, इति, राजकुमार, हरदेश रहेजा, सागर अरोरा, राजू रहेजा, दिव्यांश शर्मा, शुभम चौधरी, रुद्राक्ष शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।

आइडियल किड्स में मनाया गया हिंदी दिवस

मुजफ्फरनगर, 14 सितंबर (बु.)। नई मंडी स्थित आइडियल किड्स स्कूल में हिंदी दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने संदेश दिया कि हिंदी हमारी मातृभाषा है, अतः अंग्रेजी के साथ-साथ हमें अपनी मातृभाषा हिंदी का ज्ञान एवं उसका प्रयोग अवश्य करना चाहिए। शिक्षिकाओं ने बच्चों को हिंदी की पुस्तकें पढ़ने की भी प्रेरणा दी। इस अवसर पर आइडियल किड्स के निदेशक पी.के.जैन ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भावों की अभिव्यक्ति जितने सहज भाव से अपनी मातृभाषा में हो पाती है, अन्य भाषा में नहीं। हिंदी हमारी मातृभाषा है, अतः हिंदी का पूर्ण ज्ञान अवश्य होना चाहिए एवं अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग भी किया जाना चाहिए। आज अंग्रेजी भाषा का चलन इतना हो गया है कि हमारे बच्चों को हिंदी में लिखना और पढ़ना बहुत कठिन प्रतीत होने लगा है। इंचार्ज नीता अग्रवाल ने भी बच्चों को अंग्रेजी भाषा के साथ साथ अपनी मातृभाषा हिंदी में भी निपुण होने की प्रेरणा दी। समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

चिल्ड्रेन एकेडमी में ऑनलाइन मनाया गया हिन्दी दिवस

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.)। आज मंगलवार को चिल्ड्रेन एकेडमी सीनियर सैकंडरी विद्यायल में हिंदी दिवस ऑनलाइन कक्षा द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। अध्यापिकाओं ने बच्चों को हिंदी दिवस के महत्व के बारे में बताया। स्कूल की प्रधानाचार्या कमलेश शर्मा ने बताते हुए लिखा हिंदी भाषा को आधारिक भाषा का दर्जा १९५० में मिला, १४५ विदेशी विद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है, हिंदी दिवस पूरे विश्व में २००६ से मनाया जा रहा है। यह बहुत खेद की बात है कि आज के युवा अपनी मातृ भाषा हिंदी को छोड़ कर अन्य भाषाओं की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। विद्यालय में ऑनलाइन कक्षा द्वारा अनेक प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई जैसे पोस्टर मेकिंग, कविता प्रतियोगता आदि। बच्चों ने स्लोगन और ऑनलाइन स्पीच भी दी। सभी बच्चों ने अपनी मातृभाषा का महत्व जाना और अंत में समस्त स्टाफ ने भी बच्चो व अभिभावकों को हिंदी दिवस की हर्दिक शुभकामनाएं दी।

न्यू होरीजन स्कूल में 'विश्व हिंदी दिवस' बहुत ही धूमधाम से मनाया

मुजफ्फरनगर, १४ सितम्बर (बुस.) सविधान सभा ने १४ सितंबर को 'विश्व हिंदी दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की थी, तभी से १४ सितंबर 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। आज न्यू होरीजन स्कूल में 'विश्व हिंदी दिवस' बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपने विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कक्षा एक से पाँच तक के छात्र छात्राओं ने कबीर दास के दोहे, कविता, कहानी की प्रस्तुति दी। कक्षा छठीं ,सातवीं और आठवी कक्षाओं में छात्र-छात्राओं ने 'हिंदी दिवस' के उपलक्ष्य मे बहुत सी गतिविधियों में भाग लिया। जैसे कि विभिन्न लेखकों की कविताएँ, स्लोगन लेखन, नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुति इत्यादि, कक्षा नवीं और दसवीं के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न लेखकों द्वारा लिखे गए काव्य, कहानियों, आत्मकथाओं के पठन की गतिविधियों में प्रतिभाग किया एवं विज्ञापन लेखन व कोविड से बचाव हेतु पोस्टर बनाये। प्रधानाचार्या मीनाक्षी मित्तल ने कहा कि हमारा 'विश्व हिंदी दिवस' मनाने का मुख्य उद्देश्य यह था कि आज के छात्र-छात्राएं भारत की प्राचीन संसेंति और सभ्यता को मूलभाव से समझे और उसे अपनाने का प्रयास करे, क्योंकि हिन्दी सरल, सुबोध व सुंदर अभिव्यक्ति है। हिन्दी ही हमारी सभ्यता, एवं संस्कृति है।

तालिबान के बाद अब अब्बाजान

नई दिल्ली, १४ सितम्बर (नेट)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'अब्बाजान' वाले बयान ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पक्ष-विपक्ष दोनों को एक मुद्दा दे दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली बार अब्बाजान (पिता) शब्द का इस्तेमाल अगस्त में अखिलेश यादव के पिता मुलायम सिंह यादव के लिए किया था। अब्बाजान वाले इस बयान पर उत्तर प्रदेश में घमासान शुरू हो गया था। दूसरी बार मुख्यमंत्री ने इसका इस्तेमाल रविवार को कुशीनगर की रैली में किया। जिसके बाद फिर विपक्ष उन पर हमलावर हो गया है।

एक ही रात में 7 नलकूपों से मोटर व अन्य सामान चोरी

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र में विद्युत उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का जबरदस्त आतंक व्याप्त है। एक ही रात में बदमाशों ने 7 किसानों के नलकूपों के ताले तोड़कर मोटर स्टार्टर व अन्य सामान चोरी कर लिया। सभी मामलों में नई मंडी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि अज्ञात बदमाश मेघाखेड़ी निवासी परमजीत पुत्र अजीत सिंह, धर्मपाल पुत्र दिलावर, जल सिंह पुत्र बलजीत सिंह, कुलदीप पुत्र सूरत सिंह, धनवीर पुत्र रामजीलाल, नरेश कुमार पुत्र बेगवंत सिंह व पचेंडा खुर्द निवासी धर्मवीर पुत्र सुखबीर सिंह के नलकूपों के ताले तोड़कर मोटर, स्टार्टर व अन्य सामान चोरी कर ले गए हैं। इन सभी मामलों में नई मंडी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

शामली में देह व्यापार की आरोपी महिला चरस सहित पकड़ी, हड़कंप

शामली, 14 सितंबर (बु.)। कोतवाली पुलिस ने देह व्यापार के आरोप में पकड़ी गई महिला के 200 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस कार्यवाही से अवैध धंधा करने वाले असामाजिक तत्वों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला पंसारियान निवासी दर्जनों महिला व पुरुषों ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर मौहल्ले की ही एक महिला पर देह व्यापार करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई थी। महिला की गतिविधियों से सभ्य समाज के लोगों में शर्मिंदगी महसूस की जा रही थी व अन्य महिला व युवतियों का मौहल्ले से गुजरना दूभर हो गया था। कारण था कि महिला के यहां दिन रात असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता था, जिससे कानून व्यवस्था भी भंग होने की आशंका बनी हुई थी। पुलिस अधीक्षक ने मामले का संज्ञान लेते हुए कोतवाली प्रभारी पंकज त्यागी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये, जिस पर पुलिस ने अवैध धंधा करने वाली महिला सायरा निवासी मौहल्ला पंसारियान को पकड़ लिया, जिसके पास से 200 ग्राम अवैध चरस भी बरामद की गई। पुलिस ने पकड़ी गई महिला का चालान कर जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कार्यवाही से अवैध कार्य करने वाले असामाजिक तत्वों में हड़कंप की स्थिति मची हुई है।

छेड़छाड़ के विरोध पर मारपीट

शामली, 14 सितंबर (बु.)। बाबरी क्षेत्र के गांव बंतीखेड़ा निवासी एक महिला ने गांव के ही कुछ दबंगों पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने व विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। मंगलवार को गांव बंतीखेड़ा निवासी मेहरो पत्नी आबिद अपने परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव से मिली और तहरीर देकर आरोप लगाया कि गत 13 सितंबर को गांव के ही अफजाल, अमजद और फैजान अपने हाथों लाठी डंडे व तमंचे लेकर घर में घुस गए और छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। शोर-शराबा करने पर परिवार के ही अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना के संबंध में बाबरी पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की, जिस कारण पीड़िता को दबंगों से जान माल का खतरा बना हुआ है। पीड़िता ने सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने और उक्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। एसपी ने जांच कराकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

गांधी नगर में राधाष्टमी के अवसर पर निकाली गयी शोभायात्रा। फोटो बुलेटिन

नोट दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो दबोचे

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। सिविल लाइन पुलिस ने नोट दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। आरोपियों के पास से एक कार शस्त्र व हजारों की नकदी बरामद हुई है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन क्षेत्र में दो ठगों ने एक व्यक्ति को नोट दोगुना करने का झांसा देकर उसे कागज की गड्डियां थमा दी थी। इस सम्बन्ध में सिविल लाइन थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आज सिविल लाइन पुलिस ने एक सूचना के आधार पर ठगी करने वाले दोनों आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी राहुल पुत्र कुलदीप निवासी एटा, राहुल पुत्र सियाराम निवासी रोहणी दिल्ली हैं। पुलिस ने उनके पास से एक कार, तमंचा, कारतूस, चाकू व हजारों की नकदी बरामद की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

चेन स्नेचिंग में 2 वर्ष 10 माह की कैद व 16 हजार का अर्थदण्ड

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। चेन स्नेचिंग व लूट में पुलिस द्वारा जेल भेजे गए अभियुक्त को पुलिस ने दोषी करार देते हुए 2 वर्ष 10 माह की कैद व 16 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार वर्ष 2018 में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए खालापार निवासी शहजाद पुत्र इस्लाम पर चेन स्नेचिंग व लूट के चार मुकदमे दर्ज किए गए थे। पुलिस ने इन सभी मामलों में अपनी जांच पूरी कर चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी थी। यह मुकदमा अपर मुख्य न्याय दंडाधिकारी प्रथम की कोर्ट में विचाराधीन था। आज विद्वान न्यायाधीश ने शहजाद को दोषी करार देते हुए 2 वर्ष 10 माह के कारावास व 16 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

हिमाचल में तीन बच्चों सहित चार लोग जिंदा जले

शिमला, 14 सितंबर (वार्ता) हिमाचल प्रदेश में चंबा जिले के दूरदराज तीसा थाना क्षेत्र में एक मकान में अचानक आग लगने से तीन बच्चों सहित चार लोगों की जलकर मौत हो गई तथा एक अन्य झुलस गया। महिला गंभीर बताई गई है। सभी एक ही परिवार के बताए गए है। पुलिस को मिली आज सुबह करीब 3:45 बजे थाना तिसा में हेल्पलाइन नंबर 112 के माध्यम से सूचना मिली के गांव करातोट डाकघर जुगंरा तहसील चुराह, थाना तीसा, में मोहम्मद रफी के घर में आग लगी है जिस पर थाना तिस्सा की पुलिस टीम घटनास्थल की ओर रवाना हुई घटनास्थल पर पहुंचने पर उन्होंने पाया कि इस अग्निकांड में चार व्यक्ति मोहम्मद रफी (26), जैतून (6), जुलेखा (डेढ़ वर्ष)और समीर (4) की आग दुर्घटना के कारण मृत्यु हो चुकी है और भूरा (26) झुलस गये। इन्हें प्राथमिक चिकित्सा दी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मकान चुराह तहसील के करातोट गांव के मुहम्मद रफी का है।

श्री गणेश महोत्सव के बीच नगर में चहुओर भक्ति की धूम, पूजा-अर्चना व महाआरती में पहुंचे बड़ी संख्या में श्रद्धालु

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। श्री गणेश महोत्सव की कड़ी में श्री गणपति धाम खाटू श्याम मंदिर परिवार की ओर से जन्मोत्सव की बेला में भगवान शिव-पार्वती के विवाह एवं श्री गणेश जन्मोत्सव पर भव्य नृत्य नाटिका का आयोजन किया गया। इस दौरान हिसार से आए कलाकारों द्वारा सुन्दर प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर किए रखा। उधर, सनातन धर्म सभा भवन में श्री गणेश महोत्सव के बीच भक्तों द्वारा गणपति भगवान की सहस्त्रों पंच मेवाओं से पूजा अर्चना की गई। इस दौरान सायं के वक्त महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

देशभर के साथ ही जनपद मुजफ्फरनगर में गणेश महोत्सव की धूम मंदिरों के साथ घरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इस कड़ी में भरतिया कालोनी श्री गणपति धाम खाटू श्याम मंदिर परिसर में चल रहे श्री गणेश महोत्सव में हिसार से आए कलाकारों ने भगवान शिव व पार्वती के विवाह और गणेश जन्मोत्सव पर भव्य नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। इस दौरान उन्होंने भगवान गणेश जी का गुणगान किया। मंदिर के संस्थापक भीम कंसल, प्रधान अशोक गर्ग, मंत्री अनिल गोयल, जेपी गोयल, कैलाशचंद ज्ञानी, विनोद राठी, रजत राठी, विकास कन्नू, हरि मोहन मन्नी, बिजेंद्र एवं कुलदीप समेत मंदिर के पदाधिकारी व श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर नगर के झांसी रानी स्थित सनातन धर्म सभा भवन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री गणेश जी की पूजा व महाआरती में भाग लिया। सुबह के समय नित्य पूजा में पंडित राज भारद्वाज व विद्वान पंडितों ने गणपति भगवान का विभिन्न प्रकार के सूखे मेवों व पंचमेवा से पूजन कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ सनातन धर्म सभा के मंत्री दीपक मित्तल, बाबूराम कौशल आदि ने महाआरती में भाग लिया। इसके अलावा जय मां शक्ति मंदिर में पं. अवधराज आचार्य एवं नई मंडी मानकेश्वर महादेव मंदिर में पंडित अरूण मिश्रा के सानिध्य में और महिला आश्रम नई मंडी के निकट मंदिर में गणपति महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच कर पूजा-अर्चना में शामिल होकर धर्म लाभ उठाया। इसके साथ ही घर-परिवारों में बड़ी संख्या में महिलाओं ने श्री गणपति को भोग लगाकर भजन कीर्तन के माध्यम से आराधना की है।

धूमधाम के साथ गांधी नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। गांधीनगर स्थित सिद्ध पीठ श्री श्यामा श्याम मंदिर में मंगलवार को श्री राधा रानी जी के जन्मोत्सव के पावन पर्व पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन नई मंडी में किया गया। इस दौरान भव्य शोभायात्रा गांधीनगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई, जिसमें इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बैंड बाजे की धुनों पर नृत्य करते हुए प्रतिभाग किया। शोभायात्रा में भगवान जी को विराजमान कर सड़कों पर निकले तमाम श्रद्धालु नाचते हुए गाते हुए इस बीच भगवान का भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान हलवा, कढ़ी-चावल एवं समोसे की राधिका प्रसाद वितरित किया। नई मंडी गांधी नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई शोभायात्रा मंदिर प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुई, जहां राधा अष्टमी पर्व पर इस दौरान भव्य भंडारा हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। इस दौरान मंदिर में दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम में वीरेश शर्मा, आदित्य अग्रवाल, विशाल गर्ग, सचिन राठी, संजीव शर्मा, राकेश शर्मा, डॉ. सुभाष चंद्र, महेश शर्मा, मनोज गुप्ता, जगमोहन भारद्वाज, महंत पंडित हंसराज भारद्वाज, प्रमोद पाल एवं अंकुर गौतम आदि उपस्थित रहे।

हाईवे पर खड़ी गाड़ियों से डीजल चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर(बु.)। सिविल लाइन पुलिस ने हाईवे पर खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। सीओ सिटी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी की हाईवे पर गाड़ियों से डीजल चोरी करने वाला गिरोह बाईपास पर मौजूद है। सूचना पर मौके पर पहुंची स्वॉट टीम व सिविल लाइन पुलिस ने घेराबंदी कर वहलना चौके के पास से 4 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उक्त बदमाश हाइवे पर खड़ी गाड़ियों से डीजल चोरी कर अपने कैंटर व ट्रक में रखे ड्रमों में भरते थे तथा बाद में चोरी किये डीजल को बेच देते थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए बदमाश बिलाल पुत्र युसूफ निवासी ढ़िलाई वाली गली थाना लिसाड़ी गेट मेरठ, आजाद पुत्र अख्तर निवासी चंदोरा थाना जानी मेरठ, माजिद पुत्र रियासत निवासी चंदोरा थाना जानी मेरठ व जुबेर पुत्र सराफत निवासी कस्बा सिवालखास थाना जानी मेरठ हैं। इनके कब्जे से एक कैंटर व एक ट्रक 450 लीटर डीजल 6 खाली ड्रम के अलावा शस्त्र व अन्य सामान बरामद हुआ है।

पालिका अफसर-ठेकेदारों का गठजोड़ विकास पर भारी

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। नगरपालिका परिषद् में चल रहा अधिकारी-कर्मचारी व ठेकेदारों का गठजोड़ विकास की गति को ब्रेक और माननीयों की पवित्र मंशा को ग्रहण लगाने की ओर अग्रसर है, जिसमें आमजन के साथ विकास की गति में हर रोज गतिरोध पैदा हो रहे हैं। ऐसे ही हालातों के बीच पालिका के वार्ड 19 से भाजपा सभासद प्रियांशु जैन ने वार्ड में मुख्य सड़क राजवाहा रोड के डैन्स निर्माण में धांधली किए जाने के आरोप लगाते हुए आला अफसरों से इसकी जांच की मांग की है। सभासद प्रियांशु जैन ने नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह को सौंपे पत्र में बताया कि उनके वार्ड नई मंडी भोपा रोड को जानसठ रोड से जोड़ने वाले मुख्य राजवाहा रोड का डैन्स निर्माण नगरपालिका के द्वारा 14वें वित्त आयोग से प्राप्त हुई धनराशि से कराया था। आरोप है कि ठेकेदार कुलदीप कुमार ने इस सड़क के निर्माण में पालिका ने 53 लाख रुपये का बजट खर्च किया है, लेकिन सड़क निर्माण में निम्न गुणवत्ता का प्रयोग किया गया है, जिस कारण मात्र छह माह में ही उक्त सड़क में गहरे व बड़े गड्ढे हो गए हैं। वार्ड सभासद का कहना है कि इसके लिए वह पूर्व में कई बार शिकायत दर्ज करा चुके हैं, लेकिन अभी तक शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने दावा किया कि यह पालिका में गंभीर वित्तीय अनियमितता और लापरवाही का बड़ा मामला है। नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह से उन्होंने सड़क निर्माण का निरीक्षण किए जाने के साथ ही जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की है। बता दें, नई मंडी की उक्त सड़क के निर्माण में बरती गयी लापरवाही को लेकर पूर्व में पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए ईओ को पत्र लिखकर खामियों को दूर कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन तमाम प्रयासों के बाद भी मामले में कार्रवाई न होने से पालिका में ठेकेदारों व अफसरों की जुगलबंदी का स्वतः प्रमाण मिलते दिखाई दे रहे हैं।

अपात्र लोगों पर आपूर्ति विभाग मेहरबान

❑राशन कार्ड बनवाने को दर-दर भटक रहे पात्र

खतौली, १४ सितम्बर (बु.)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के लाख दावों के बाद भी खाद्यपूर्ति विभाग के बेखौफ अधिकारियोंव कर्मचारियों की लालफीताशाही के कारण जहां पात्र परिवारों के लोग कई वर्षों से दो जून की रोटी के लेकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने के बाद भी राशनकार्ड बनवाने हेतु दर-दर की ठोकर खाने के बाद भी राशन कार्ड से वंचित बने हुए हैं, वहीं विभागीय अधिकारियों की कृपा पात्र बने अपात्र परिवार सरकारी गल्ले की दुकानों से खाद्य सामग्री डकारने में सफल बने हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार शासन के निर्देशानुसार प्रदेश की सस्ते गल्ले की दुकानों से राशन कार्ड धारकों को प्रत्येक माह सस्ते मूल्य पर खाद्य सामग्रियों के वितरण की व्यवस्था का चलन बना हुआ है। कोरोना काल में महामारी के चलते व्यापार जगत में छायी मंदी व लॉकडाउन के कारण गिरती अर्थव्यवस्था व बेरोजगारी के संकट को संज्ञान में लेकर शासन द्वारा जहां सरकारी गल्ले की दुकानों से प्रत्येक माह में दो दौर में गेहूं व चावल का राशनधारकों को निशुल्क वितरण किये जाने की घोषणा की गयी थी वहीं कोरोना काल को ध्यान में रखते हुए निर्बल वर्ग

परिवारों को भरपेट भोजन उपलब्ध कराने हेतु बिना कार्ड धारकों के ऑनलाइन राशन कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनवाने की समुचित व्यवस्था बनाए जाने के निर्देश जारी किये गए थे। शासन के उक्त आदेश को लेकर बिना कार्ड धारकों के चेहरों में एक खुशी की लहर दिखाई पड़ी तथा अपना राशन कार्ड बनवाने की इच्छा जागृत हुई। जिसको लेकर खाद्यपूर्ति विभाग की लाल फीताशाही से वंचित ऐसे उपभोक्ताओं द्वारा अपने आवश्यक कागजों को संकलित कर जनवाणी केन्द्रों के माध्यम से अपने राशन कार्ड बनवाये जाने के लिए आवेदन किये, परन्तु जनवाणी केन्द्रों पर १०० रुपये से लेकर दो सौ रुपये के सुविधा शुल्क का भुगतान करने के बाद विगत् लगभग एक वर्ष गुजरने के बाद भी वंचित लोग आज भी अपना राशन कार्ड बनवाने के लिए जनवाणी केन्द्रों सहित खाद्य आपूर्ति कार्यालयों में चक्कर काट रहे हैं, परन्तु प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के आदेशों के बाद भी खाद्य आपूर्ति विभाग आंखों चश्मा लगाकर सरकार के आदेशों को ठेंगा दिखाता दिखाई पड़ रहा है, जबकि जहां खाद्यपूर्ति विभाग की कृपा दृष्टि से आज भी विगत् कई वर्षों से अपात्र लोग सरकारी गल्ले की दुकानों से खाद्य आपूर्ति विभागीय अधिकारी व राशन विक्रेताओं की मिलीभगत से जहां खाद्य सामग्री वितरण में भारी गोलमाल के किस्से चर्चा में बन रहे हैं, वहीं शासन के आदेशों को सच मानकर ऑनलाइन आवेदन करने के बाद भी राशन कार्ड न बनने पर पात्र उपभोक्ता कोरोना काल की पीड़ा झेलने के बाद खाद्य सामग्री से वंचित बनकर खाद्य पूर्ति विभाग की होने वाली कृपा की इंतजार कर रहे हैं।

रवि आनन्द का था प्लानिंग ऑफिस में मिला शव

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। गत दिवस पुराने प्लानिंग ऑफिस में मिला शव सिखेड़ा निवासी रवि आनंद का था। आज परिजनों ने मोर्चरी पहुंचकर मृतक की पहचान की। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। गौरतलब है कि गत् दिवस सिविल लाइन क्षेत्र के आर्य समाज रोड पर स्थित पुराने प्लानिंग ऑफिस में एक 56 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला था। कुछ लोगों ने उक्त व्यक्ति को जिला अस्पताल पहुंचाया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया था। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सिखेड़ा निवासी रवि आनंद पुत्र धर्मराज के रूप में हुई है। आज मृतक के परिजनों ने मोर्चरी पहुंचकर मृतक की पहचान की। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

अपर निदेशक स्वास्थ्य ने जाना व्यवस्था का सच

❑आरटीपीसीआर लैब, पीकू वार्ड, केन्द्रों का किया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। कोरोना वायरस की फिर से हुई दस्तक की आशंकाओं के बीच अपर निदेशक स्वास्थ्य सहारनपुर मंडल डॉ. अनिता जोशी ने मुजफ्फरनगर पहुंचकर कूकड़ा के एएनएम ट्रेनिंग सैंटर में बन रही कोरोना के आरटीपीसीआर सैंपल की जांच लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण पूरा अभी तक पूर्ण नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जताई। वहीं उन्होंने महिला चिकित्सालय में तीसरी लहर से निपटने के लिए बनाए बच्चों के आईसीयू पीकू वार्ड का भी निरीक्षण किया। इस बीच अपर निदेशक ने चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा विशेष संवेदीकरण व संचारी रोग नियंत्रण अभियान का गांव मुस्तफाबाद व नगरीय क्षेत्र के मौ. अवध विहार में पहुंच कर निरीक्षण किया।

सहारनपुर मंडल की अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. अनिता जोशी ने सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार से जिले में तीसरी लहर से निपटने के लिए की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने जिला पुरुष चिकित्सालय एवं महिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लगने के बाद उनका कनैक्शन और ट्रॉयल अभी तक नहीं होने पर भी नाराजगी व्यक्त की है। अपर निदेशक डॉ. अनीता जोशी ने महिला चिकित्सालय में बनाए गए पीकू वार्ड का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को ओर दुरूस्त किए जाने के निर्देश दिए। यहां महिला चिकित्सालय की सीएमएस डॉ. आभा आत्रेय ने उन्हें तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। सीएमओ एमएस फौजदार को साथ लेकर बाद में अपर निदेशक स्वास्थ्य ने नई मंडी कूकडा के एएनएम ट्रेनिंग सैंटर में बनाई गई अत्याधुनिक आरटीपीसीआर सैंपल जांच लैब का निरीक्षण किया। इस लैब में अभी भवन निर्माण तो पूर्ण हो गया है लेकिन फिनिशिंग का कार्य चलने पर उन्होंने इसे एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश अपर निदेशक स्वास्थ्य ने किए। इस दौरान सीएमओ ने जानकारी दी कि कुछ मशीनें लैब की आ गई हैं, कुछ आनी शेष हैं। अपर निदेशक स्वास्थ्य ने चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आशा कार्यकत्रियों के माध्यम से घर-घर चलाए जा रहे विशेष संवेदीकरण एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जानकारी ली। उन्होंने मुस्तफाबाद गांव में पहुंचकर मौके पर टीमों के साथ जाकर अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने बाद में शहरी क्षेत्र के अवध विहार इलाके में भी पहुंचकर अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ.एमएस फौजदार, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ. गीतांजलि वर्मा व अपर सीएमओ आदि मौजूद रहे।

जनपद में 17,474 लोगों को लगा कोरोना का टीका

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। जनपद में कोरोना की चैन तोड़ने की दिशा में जारी रहे प्रयासों के बीच टीकाकरण अभियान मंगलवार को भी जारी रहा। इस बीच जनपद में कुल 17474 लोगों को कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई गई। इस बीच जनपद में अब डेट ड्यू होने के कारण दूसरी डोज लगवाने वालों की संख्या भी बढ़ने लगी हैं। वहीं दूसरी ओर मंगलवार को जनपद में आरटीपीसीआर की प्राप्त 919 जांच रिपोर्ट में कोई नया कोरोना पॉजिटिव मरीज नहीं आया है। वर्तमान में जनपद में मात्र एक एक्टिव केस है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एमएस फौजदार ने बताया कि जिले में इस बीच कुल 17,474 लाभार्थियों ने बनाए 77 कैंपों पर पहुंचकर अपना कोरोनारोधी वैक्सीन का टीकाकरण कराया। उन्होंने कहा कि इनमें से 11,816 लाभार्थियों को वैक्सीन की पहली डोज और 5,658 लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई गई। उन्होंने बताया कि जनपद में बुधवार को 36 केंद्रों पर लोगों को कोरोना की प्रथम व दूसरी डोज लगाई जाएगी। उधर, जनपद में मंगलवार को भी कोरोना का कोई नया केस न आने से राहत रही। कोरोना का जनपद में मात्र एक एक्टिव मरीज है, जबकि अब तक जिले में 269 लोगों की कोरोना से मौत होने की स्वास्थ्य विभाग ने पुष्टि की है।

अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की जहर देकर हत्या

मृतका का फाइल फोटो व अपर पुलिस अधीक्षक जांच करते हुए।

शामली, 14 सितंबर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला आजाद चौक में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियो में जहर खाने से मौत हो गई। मृतका के भाई द्वारा पति सहित आधा दर्जन ससुरालियों के खिलाफ दहेज के लिए जहर देकर हत्या किए जाने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने नामजद देवर को हिरासत में ले लिया है। कैराना के मौहल्ला अंसारियान निवासी मुस्कान पुत्री अकरम की शादी इसी वर्ष पांच मई को मौहल्ला आजाद चौक निवासी कासिफ पुत्र दिलशाद के साथ हुई थी। सोमवार देर रात्रि मुस्कान की संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाने से मौत हो गई। जानकारी पाकर कैराना निवासी परिजन मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह, कोतवाली प्रभारी पंकज त्यागी ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में मृतका के भाई फिरोज ने पति कासिफ, सास सुमला, जेठ आसिफ, दाशिन, आरिफ व नंद फजाना के खिलाफ बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करते हुए मारपीट कर जहर देकर हत्या की तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने सभी के खिलाफ498, 323, 328, 304बी आईपीसी व 3/4 दहेज हत्या में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने नामजद आरोपी देवर कासिम को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

शेष : इलेक्ट्रॉनिक की दुकान..

चीजें भी उक्त थैले में ही मिली हैं। पुलिस अधिकारियों ने यह भी बताया कि जो लोग सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रहे हैं, वह देखने में भी संदिग्ध लग रहे हैं। जल्द ही उक्त लोगों को पहचानने की कोशिश की जाएगी और उनका स्केच बनवाकर बाजारों में भी लगवाया जा सकता है। आमजन का मानना है कि १८ तारीख को सूबे के मुख्यमंत्री के आने की सूचनाएं कई दिनों से सुनी जा रही हैं। साथ ही साथ जब से क्षेत्र में पीएसी कैम्प का उद्घाटन करने की तैयारी की जा रही है, तब से तरह तरह की चर्चाएं बाजारों में गर्म हैं। हो सकता है कि सूबे के मुख्यमंत्री को इस हादसे से डराने का प्रयास किया जा रहा हो ? अब देखना यह होगा कि उक्त मामले में क्या निकलकर सामने आता है। इतना तो लगभग तय है कि उक्त विस्फोट आमजन व पुलिस के बीच भय लाने के उद्देश्य से ही कराया गया है। शामली पुलिस के अधिकारियों के सामने अब उक्त मामला चुनौती के रूप में संदिग्धों द्वारा रखा गया है। उक्त चुनौती का जवाब शामली पुलिस कैसे दे पाएगी, सबसे बड़ी बात यही है ?

'काला कोट पहन लेने से आपकी जिन्दगी कीमती नहीं हो जाती' : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली, 14 सितम्बर (वार्ता) ''यदि आपने काला कोट पहना है तो इसका यह मतलब नहीं कि आपकी जिन्दगी ज्यादा कीमती है।'' यह महत्वपूर्ण टिप्पणी उच्चतम न्यायालय ने 60 साल की आयु से पहले कोरोना या अन्य कारणों से मरने वाले वकीलों के परिजनों को पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि संबंधी जनहित याचिका खारिज करते हुए मंगलवार को की। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की खंडपीठ ने वकील प्रदीप कुमार यादव की याचिका खारिज करते हुए 10 हजार रुपये का जुर्माना भी उनपर लगाया और कहा कि यह याचिका 'पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन' नहीं, बल्कि 'पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन' है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि ऐसा नहीं है कि वकील अपनी बिरादरी को अनुग्रह राशि देने के लिए याचिका दायर करते हैं और जज इसे मंजूर कर लेंगे। उन्होंने कहा, ''अनगिनत लोग मरते हैं और आप अपवाद नहीं हो सकते। यदि आप काले कोट में हैं तो इसका मतलब यह नहीं होता कि आपकी जिन्दगी बहुत कीमती है।''न्यायालय का रुख भांपकर याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, लेकिन न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इसकी अनुमति नहीं दी और याचिका खारिज कर दी, साथ ही यह भी कहा कि याचिका में एक भी आधार प्रासंगिक नहीं है। न्यायालय ने याचिकाकर्ता पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि कोरोना के कारण मृत लोगों के परिजनों को सहायता राशि के संबंध में शीर्ष अदालत ने पहले ही अपना निर्णय दिया हुआ है।

जहर खाने से किशोरी की मौत

मुजफ्फरनगर, 14 सितम्बर (बु.)। शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला खालापार एक किशोरी ने संदिग्ध हालातों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पीड़िता को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को जबरन अस्पताल से उठाकर ले गए। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी है, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि खालापार निवासी 14 वर्षीय निखत ने संदिग्ध हालातों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए जहां, चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस समय अस्पतालकर्मी शव को मोर्चरी में रखने ले जा रहे थे, तभी मृतका के परिजन शव को जबरन उठाकर ले गए। अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना पुलिस को दी है, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

भारतीय प्रेस परिषद
PRESS COUNCIL OF INDIA
मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन सम्पादक
श्री अंकुर दुआ जी
को भारतीय प्रेस परिषद का
सदस्य
नामित किये जाने पर
अंकुर दुआ
हार्दिक शुभकामनाएं
बुढ़ाना नगर पंचायत के नगरवासियों से अपील
व्यर्थ पानी न बहायें। पॉलीथीन का प्रयोग न करें। खुले में शौच न करें तथा घर में शौचालय बनवाकर प्रयोग करें। आपके आस-पास अत्यधिक कचरा जमा न होने दें। खराब पुराना कबाड़ा घरों में जमा न होने दें। कूड़े को रास्ते, नाले, नालियों व तालाबों में न फेंके और न ही जलायें। घर के आस-पास मलेरिया से बचाव हेतु पानी जमा न होने दें। भवन निर्माण सामग्री सड़कों पर न डालें। अपने पशुओं के गोबर को नालियों में न बहायें।
No More Plastic Bags
Pay For A Paper Bag
Bring Your Own Bag
'आईये हम अपने नगर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लें